तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



खपरगंज मुख्य मार्ग पर कबाड़ियों ने सड़क पर सजाई दुकान।

खबर संक्षेप

दशहरा उत्सव समिति की बैठक कल

बिलासपुर। दशहरा उत्सव समिति शनिचरी बाजार समिति की बैठक 20 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 10 बजे से होगी। यह बैठक लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण शनिचारी बाजार में होगी। दूसरी समिति की लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में बैठक हुई। जहां निर्णय लिया गया कि 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को विजयादशमी पर्व पर हर्षोल्लास के साथ रावण दहन किया जाएगा।

51 दिनों से एयरपोर्ट पर खड़ा अलायंस एयर का विमान, मरम्मत में लग रहा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

51 दिन पहले 28 अगस्त को अलायंस एयर एयरलाइंस कंपनी के जिस विमान का टायर फटा था, वह अब भी चकरभाठा एयरपोर्ट पर खड़ा है। कंपनी के पास फ्लाइट की कमी बनी हुई है, इसके बाद भी बंद पड़ी फ्लाइट की मरम्मत के लिए एयरलाइंस कंपनी के पास समय नहीं है। यही कारण है कि एप्रोन पार्किंग में फ्लाइट खड़ी नजर आती है।

पिछले माह 28 अगस्त को दिल्ली से बिलासपुर पहुंची फ्लाइट लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान फ्लाइट का बांया टायर फट गया, जिसके बाद से यह फ्लाइट अबतक उड़ान नहीं भर सकी है। बताया जा रहा है कि 4 से 6 बार अलायंस एयर कंपनी के टेक्नीशियन इस फ्लाइट का मुआयना कर चुके हैं, लेकिन अब तक रिपेयर नहीं किया जा सकता है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में बने नए एप्रोन में फ्लाइट कबाड़ के तौर पर रखा गया है, जिससे बनाने के लिए अलायंस एयर के पास फुर्सत नहीं है।

बताया जा रहा है कि एयर 72 फ्लाइट की देश में पहले ही कमी बनी हुई है, अलायंस एयर के पास करीब 20 फ्लाइट ही मौजूद है, इसके बाद भी फ्लाइट में सुधारकार्य नहीं करना समय के परे है। फ्लाइट के सही होने के बाद ही उसे परिचालन में लगाया जा सकता है।

- 28 अगस्त को फटा था विमान का टायर।
- इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अब तक नहीं की गई मरम्मत।





सरकारी कंपनी है अलायंस एयर

अलायंस एयर भारत की प्रमुख क्षेत्रीय एयरलाइंस में शामिल है। देश की ज्यादातर एयरलाइंस निजी हाथों में हैं, जबकि अलायंस एयर सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन है। इसकी स्थापना 1996 में इंडियन एयरलाइंस की सहयोगी कंपनी के रूप में हुई थी। बाद में यह एयर इंडिया की सहायक कंपनी बनी। साल 2021-22 में केंद्र सरकार ने एयर इंडिया का निजीकरण कर टाटा ग्रुप को सौंप दिया था हालांकि अलायंस एयर को इस सौदे में शामिल नहीं किया गया।

रनवे की खराबी या तकनीकी समस्या

अलायंस एयर के विमानों में तकनीकी खराबी के कारण टायर फटा था या लैंडिंग के समय रनवे पर किसी आब्टेक्ट के कारण टायर में घर्षण हुआ था, इसकी जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है। पायलट की सूझबूझ से विमान नियंत्रित किया गया था, जबकि इस दौरान 37 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स सवार थे।

कंपनी की है जिम्मेदारी

फ्लाइट को बनाने की जिम्मेदारी अलायंस कंपनी की है, जब से टायर फटा है, एयरपोर्ट के एप्रोन में रखा गया है। कई बार टेक्निकल टीम आकर देख चुकी है। इसे ज्यादा जानकारी नहीं है।

- बीएन सिंह, डायरेक्टर



जबड़ापारा झा गली में सड़क बनाने के लिए खुदाई के दौरान पाइप लाइन फूटने से सड़क पर पानी भर गया।

- अशोकनगर-बिरकोना वाली सड़क 17 करोड़ रुपए में बन रही है
- इंदिरा सेतु से रामसेतु तक के लिए 9 .73 करोड़ रुपए का मिला आबंटन
- मंगला चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पर 5 .08 करोड़ होंगे खर्च
- 10 करोड़ की लागत से अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक का काम जारी

शहर के चारों ओर 150 करोड़ की सड़कें बन रहीं, 4 महीने से सभी के काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की प्रमुख सड़कें अब एक दूसरे से जुड़ जाएंगी ऐसा दावा है लेकिन काम समय पर शुरू होकर खत्म बने तब तो कोई बात नहीं। शहर के चारों तरफ 150 करोड़ रुपए की लागत से 5 बड़ी सड़क परियोजनाओं पर काम जारी है लेकिन सभी का काम पिछले 4 महीने से बंद है। कहीं जमीन कब्जे का मामला है तो कहीं ठेकेदारों ने डामर के कीमत अधिक होने का हवाला देकर नया एस्टीमेट मांग लिया है। कई ठेकेदारों का पुराना बकाया भी नहीं मिला है। सड़कों की बात करें तो अशोकनगर-बिरकोना को 17 करोड़ रुपए में फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। यह सड़क बिरकोना होते हुए कोनी तक जाएगी। इसके साथ ही मंगला की सड़क बनकर धूरीपारा होते हुए सीधे कोनी तक पहुंचेगी। अपोलो से दयालबंद वाली सड़क भी बननी है अपोलो से रपटा तक वाली सड़क का काम भी जारी है। इसके साथ ही अरपा के दोनों किनारों पर 100 करोड़ रुपए में बन रही सड़क का काम भी सुस्ती से चल ही रहा है। यह सड़क कुदूदण्ड से गोंड़पारा होते हुए शनिचरी तक जाएगी।



बिलासपुर की सड़कों का नवीनीकरण कर उनको विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत परियोजनाओं के लिए 60 करोड़ का प्रस्ताव है, जिसमें 31.82 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही दूसरे चरण में 3 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण कर इसे रतनपुर बाइपास रोड से जोड़ा जाएगा। अरपा किनारे इंदिरा सेतु से रामसेतु तक अटल पथ के निर्माण के लिए 9.73 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मंगला चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पर 5.08 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

दयालबंद और शनिचरी की सड़क हो रही चौड़ी

योजना के तहत दयालबंद और शनिचरी रपटा तक की सड़क को पूरा किया जाना है लेकिन काम लगभग नहीं हो रहा है। जनवरी 2026 तक इसे पूरा करना था। ध्यान रहे कि 10 करोड़ की लागत से अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक तीन हिस्सों में नाली और सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें अपोलो चौक से मानसी लाज तक आधे से अधिक के कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद मानसी लाज से अमरैय्या चौक तक अतिक्रमण को हटाने के बाद पेड़ शिफ्टिंग किया गया है और अभी नाली निर्माण जारी है। इसके साथ ही गुरूनानक चौक से राजकिशोर नगर तिराहा तक नाला निर्माण और डामरीकरण होना है। इसके साथ ही अपोलो चौक से दयालबंद तक 80 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। दोनों तरफ 1.5-1.5 मीटर के पक्के शोल्डर (किनारे) होंगे।

सड़क चौड़ी हो तो मंगला वालों मिलेगा घंटों जाम से छुटकारा

मंगला क्षेत्र जाने के लिए मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता हालांकि अब साफ हो गया, इसमें बाधा बन रहे 46 लोगों के अतिक्रमण को नगर निगम ने हटा दिया है। मंगला के आगे भैंसाझार तक सडक निर्माण पूरा हो चुका है केवल मंगला बस्ती के अंदर डेढ़ किलोमीटर का अतिक्रमण की वजह से बचा हुआ है। यह सड़क पांच करोड़ में बनेगी। इसमें निगम 80 फीट चौड़ी सडक के साथ फूटपाथ और नाली भी बनाएगी,जिससे यातायात भी सुगम होगा और पानी का भराव भी नहीं होगा। ध्यान रहे कि मंगला जाने के लिए रास्ते में पडने वाले आजाद चौक में घंटो जाम लगता है,संकरी सडक और चौराहा होने की वजह से चारों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। खासकर शाम के वक्त तो इस रास्ते से गुजरना जंग जीतने के सामान होता है।

बिरकोना मार्ग दो चरणों में पूरा किया जाएगा

अशोकनगर-बिरकोना सड़क को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके पहले महाराणा चौक से मंगला चौक तक रिंग रोड 2 को गौरवपथ नाम दिया गया है। दूसरे चरण में 3 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण कर इसे रतनपुर बाईपास रोड से जोड़ा जाएगा। इस नई सड़क से करीब 50 हजार से अधिक लोगों को फायदा होगा। अशोकनगर और बिरकोना के निवासियों को कोनी, कोनी थाना, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, ओपन यूनिवर्सिटी और इंजीनियरिंग कॉलेज तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

सभी सड़कें एक दूसरे से जुड़ जाएंगी

शहर की प्रमुख सड़कें अब एक दूसरे से जुड़ जाएंगी। नगर निगम ने इस बड़ी योजना पर काम शुरू करते हुए सड़कों का निर्माण भी शुरू कर दिया है। इससे बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। कहीं कोई कमी या बाधा है तो उसे दूर कर लिया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है 52 हाथियों का दल

मुआवजा प्रकरण, 10 दिन में राशि देने की तैयारी कर रहा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल मरवाही के पेण्ड्रा और कटघोरा के बीच पसान में 52 हाथियों का दल लगातार किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिसके कारण ग्रामीण भी दहशत में आ गए हैं। विभाग की ओर से नुकसान का आंकलन करने के बाद 10 दिन में राशि देने की तैयारी करने के साथ हाथियों पर निगरानी रखी जा रही है।

52 हाथियों का दल पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अचानक मरवाही के क्षेत्र में पहुंच गया है। यह सारे हाथी कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र में प्रवेश किए हैं। अचानक हाथियों का दल बनखेता से दमदम में घुस गया। हाथियों की मौजूदगी के कारण सबसे अधिक दहशत में ग्रामीण हैं, जो अपनी फसल और झोपड़ी को नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। हाथियों की सूचना मिलने के साथ ही मरवाही वन मंडल के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। विभाग इस प्रयास में हैं कि फसल व मकान को भले नुकसान हो जाए लेकिन किसी तरह की जनहानि न हो सके। इसके कारण पूरे ग्रामीण एरिया में कोटवार के माध्यम से लगातार मुनादी कराने के साथ ही लोगों को अलर्ट करने के साथ निगरानी भी की जा रही है। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि वह अकेले घर से बाहर न निकले और जंगल की ओर न जाएं। हाथी रूमगर, मटियादांड, सेमरदर्री नाका, बहरीझोरकी, मुगर्दा, दानी कुंडी, गुल्लीडांड, मौहरीटोला, करगीकला, मरवाही एवं पीपरडोल गांव सहित आसपास के वन क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इस दौरान हाथियों का दल लगातार किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिसके कारण लाखों की क्षति हो रही है। एक दिन पहले एक ग्रामीण ने अपने खेत में हाथियों का दल देखकर उसे भगाने के लिए पहुंच गया, जिसे देखकर हाथियों का दल आक्रमक होकर हमला कर दिया। हास्पिटल तक पहुंचने से पहले ही ग्रामीण की बीच रास्ते में मौत हो गई। वहीं लगातार फसल को नुकसान होते देखने के बाद भी कई किसान डर के कारण सामने भी नहीं जा पा रहे हैं। दूसरी ओर विभाग को फसल नुकसान होने की सूचना भी मिल रही है, जिसके बाद संबंधित व्यक्ति के नाम से प्रकरण बनाकर 10 दिन के अंदर मुआवजा राशि देने की तैयारी भी की जा रही है।



आक्रमक हैं हाथी न जाएं सामने

एक साथ 52 हाथियों का दल पसान के पास विचरण कर रहा है। इसके लिए टीम की संख्या भी बढ़ा दी गई और स्टाफ भी लगातार निगरानी रखे हुए हैं। ग्रामीणों को हाथियों के सामने नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। हाथी सामने किसी को भी देखकर आक्रमक हो जाते हैं, जिसकी वजह से कोटवार के माध्यम से भी मुनादी करानी शुरु कर दी गई है।

- जितेन्द्र उपाध्याय, डीएफओ

कन्फर्म होने की आस लगाए सैकड़ों यात्री

मेट्रो से आने वाली ट्रेनों की वेटिंग टिकिट नही हो पा रही क्लीयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि से दीपावली और छठ पर्व तक रेल प्रशासन ने 120 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु कर दिया है। इसके बावजूद मेट्रो सिटी से बिलासपुर और उसलापुर की ओर आने वाली मुख्य मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनो के स्लीपर और एसी कोच के बर्थ नवम्बर तक फुल हो चुके हैं। मुख्य रूप से यशवंतपुर, आजादहिंद एवं मेल, संपर्कक्रांति, राजधानी, जम्मूतवी सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का हाल ऐसा हो गया है कि वेटिंग का अधिक होने के कारण बर्थ की मारामारी शुरू हो चुकी है।

नवरात्र के बाद दशहरा और आगामी दिनों में दीपावली के बाद छठ का पर्व पड़ने वाला है। प्रतिवर्ष दशहरा और दीपावली का पर्व मनाने के लिए बाहर कमाने खाने जाने वाले लोगों के अलावा पढ़ने वाले बच्चे अपने-अपने घर वापस होते हैं। इसके कारण फेस्टिवल सीजन में यात्रियों की भीड़ अधिक होने से बर्थ भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है।

रेलवे ने भीड़ कम करने और ज्यादा से ज्यादा कंफर्म बर्थ देने के लिए पहले ट्रेन के संबंधित स्टेशन से रवाना होने के चार माह पहले ही रिजर्वेशन कराने की सुविधा दी थी, जिसे कुछ दिन पहले चेंज करते हुए दो माह कर दिया गया है। रेलवे के इस बदले गए नियम से कई यात्रियों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है। आरक्षण काउंटर बुकिंग के अलावा आनलाइन बुकिंग करते हुए लोग रातों रात अपनी बर्थ आरक्षित कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार दो माह पहले ही हजारों की संख्या में एक साथ बुकिंग की जा चुकी है, जिसके कारण नई दिल्ली, पुणे, जम्मू, जयपुर कोटा व अन्य स्टेशनों से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों की स्थिति 150 से अधिक वेटिंग में पहुंच गई है।



10 नवम्बर तक की स्थिति

10 नवम्बर तक मेट्रो स्टेशन से आने वाली मुख्य ट्रेनों में निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्कक्रांति एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में बर्थ हैं, वहीं एसी थर्ड, सेकेंड और फर्स्ट में वेटिंग की स्थिति 30 से 34 के बीच, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर से उसलापुर आने वाली एक्सप्रेस के स्लीपर में बर्थ उपलब्ध और एसी टू, थर्ड में वेटिंग 10 से 15 के बीच, पुणे से बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस के स्लीपर से लेकर एसी तक की स्थिति नो रूम, मुम्बई-हावड़ा मेल, ज्ञानेश्वरी, पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस में नो रूम है।



खबर संक्षेप

कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच के त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष बने



बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मँच छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। इसमें सर्वसम्मति से आदित्य त्रिपाठी को प्रदेशाध्यक्ष एवं मनोहर लाल मिश्र को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया । सभा को संरक्षक अरूण शुक्ल, कार्यकारी अध्यक्ष, मनोहर लाल मिश्र,रज्जन अग्निहोत्री रायपुर, अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अमित तिवारी पार्षद, रामशँकर शुक्ल, सुदेश दुबे साथी ने संबोधित किया । पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बीके पान्डेय को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सभा का संचालन शास्वत शैकी तिवारी ने किया। आभार प्रदर्शन अनूप पान्डेय ने किया। सभा में शोभा बाजपेयी,आदित्य त्रिपाठी, अनूप पान्डेय, गोपाल तिवारी, अरूण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री, मनोहर लाल मिश्र, जितेन्द्र पान्डेय, बसंत बाजपेई, रामशंकर शुक्ल, करूणाशकर अवस्थी, महेश तिवारी, लक्ष्मी कांत दीक्षित, राजेश पान्डेय, योगेश मिश्र, दिनेश बाजपेई, आलोक त्रिवेदी, शैलेन्द्र अग्निहोत्री, पवन तिवारी, अभिनव त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, अशोक तिवारी, अमित तिवारी, शास्वत तिवारी आदि मौजूद थे।

रमन विश्वविद्यालय ने विधि संकाय में धर्मेंद्र को दी पीएचडी



बिलासपुर। डीपी विप्र विधि महाविद्यालय बिलासपुर के सहायक प्राध्यापक धर्मेंद्र शर्मा को डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय करगी रोड द्वारा विधि संकाय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। श्री शर्मा ने अपना शोधकार्य विश्वविद्यालय के विधि संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं शोध निर्देशक डॉ. आर.पी. चौधरी के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय आदतन कठोर अपराधियों पर कारागार व्यवस्था का प्रभाव : एक वैधानिक अध्ययन - जिला जांजगीर-चांपा के संदर्भ में है।

दुर्गा विसर्जन से पहले डैम से पानी छोड़ने और घाटों की सफाई की मांग



बिलासपुर। शारदीय नवरात्र के समापन और मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन से ठीक पहले अरपा नदी की दुर्दशा को लेकर अरपा बचाओं अभियान और बिलासा कला मंच ने भारी चिंता व्याप्त की है। बिलासपुर शहर के गंदे पानी, अनट्रीटेड सीवेज और कचरे के लगातार मिलने से नदी का जल अत्यधिक प्रदूषित हो चुका है। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम से पचरी घाट (जूना बिलासपुर) तथा तोरवा घाट पर तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाने और अरपा भैंसाझार डैम से शुद्ध पानी छोड़ने की पुरजोर मांग की जा रही है। वर्तमान में इन घाटों पर गंदगी और गाद जमा होने के कारण पूजा-अर्चना और विसर्जन की धार्मिक व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। अरपा बचाओं अभियान के संयोजक और बिलासा कला मंच के डॉ सोमनाथ यादव का कहना है कि प्रतिमा विसर्जन से पहले यदि अरपा भैंसाझार परियोजना से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ा गया, तो ठहरे हुए गंदे पानी में विसर्जन करने से नदी की स्थिति और विकराल हो जाएगी।

क्यू आर कोड स्कैन से 8000 ऑटो का किया गया रजिस्ट्रेशन

बिलासपुर। एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जिले में संचालित समस्त प्रकार के ऑटो चालकों का क्यूआर कोड स्कैनिंगके माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से सभी ऑटो चालकों का पृथक पृथक यूनिक आईडी एवं क्यू आर कोड जारी किया जाएगा। जिन्हें सभी ऑटो के आगे और पीछे प्रदर्शित जगह पर लगाई जाएगी ताकि ऑटो में बैठकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले यात्रियों को इस क्यू आर कोड के स्कैन के माध्यम से ऑटो चालक व वाहन मालिक की विस्तृत जानकारी उन्हें प्राप्त हो सके। इस जानकारी को यात्रीगण अपने रिश्तेदारों एवं निकटस्थ व्यक्तियों को भेज कर ऑटो चालक की जानकारी भी परिवारजन को दे सकें। क्यूआर कोड रजिस्ट्रेशन अभियान के तहत एक तरफ जहां ऑटो में बैठकर सवारी करने वाले महिलाओं बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांग जनों सहित आम नागरिकों को भरोसे मंद एवं विश्वासपूर्ण आवागमन सुविधा प्राप्त होगी वहीं ऑटो चालकों को भी किसी भी प्रकार के वाद विवाद, संशय या असुविधा की स्थिति में तत्काल पुलिस सहयोग प्राप्त हो सकेगा। मात्र 6 दिवस में ही 8000 से अधिक ऑटो, ऑटो चालकों व मालिकों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो सका है जो कि कम समय में की गई रजिस्ट्रेशन का एक महत्वपूर्ण सफलता है

छत्तीसगढ़ मुस्लिम विकास संघ ने मनाया सर सैय्यद दिवस



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ मुस्लिम विकास संघ के तत्वावधान में भीम राव अम्बेडकर उमाशा मगरपारा प्रांगण में 17 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित कर सर सैय्यद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत पढ़कर की गई। इस मुबारक मौके पर मुख्य अतिथि हाजी एजाज परवेज ने कहा कि सर सैय्यद अहमद खान जो कि 19वी शताब्दी से ही आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने तमाम शिक्षा प्रणाली पर सबको तालिम देना चाहते थे। हाजी नासिर खान ने कहा कि सर सैय्यद अहमद हिंदी और उर्दू दोनों जबान को सगी बहन क़रार दिया था। इस अवसर पर अनमोल सिन्हा, शकील अहमद, शाहिद मोहम्मद, हज्जन माजदा बेगम, जुही तबस्सुम खान, रेशमा बेगम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मुबारक मौके पर मो. निजामुल हक, सिराज मोहम्मद, अलीम अंसारी, मो. ईसा, शाहिद रजा, आमना बेगम, रिजवाना खान, बुसरा फातिमा, आफरीन बेगम एवं उर्दू के चाहने वाले उपस्थित थे। शाहिद मोहम्मद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इरकॉन होगी मुख्य एजेंसी ईस्ट वेस्ट कारीडोर के तहत पीपीपी में किया जाएगा कार्य

गेवरा से पेण्ड्रारोड के बीच दोहरीकरण के लिए 4970 करोड़ रुपए स्वीकृत

बिलासपुर। ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर में गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच सिंगल लाइन का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। वहीं बोर्ड ने दोहरीकरण लाइन के लिए 4970.11 करोड़ रुपए की राशि एक बार फिर स्वीकृत कर दी है। पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप के तहत 155.379 किलोमीटर लाइन का काम किया जाएगा, जिसके लिए मुख्य एजेंसी इरकॉन को नामित किया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की बहुप्रतिक्षित रेल लाइन गेवरारोड से पेण्ड्रारोड रेल कारीडोर परियोजना का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसे पूरा करने का टारगेट मार्च 2027 रखा गया है। ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर के तहत की जाने वाली घोषणा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच लाइन को शामिल किया गया था। इस परियोजना के तहत पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन से भाड़ी रेलवे स्टेशन के बीच 24 किलोमीटर के डाउन ट्रैक पर इंजन का सफल ट्रायल किया जा



चुका है। करीब 135 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन परियोजना में 90 फीसदी से अधिक काम किए जा चुके हैं। इस निर्माण कार्य में मिट्टी की भराई के बाद, पूरे ट्रैक पर वर्ष के अंत तक या मार्च 2027 तक नियमित संचालन शुरु करने की संभावना व्यक्त की जा रही है। रेल अफसरों के अनुसार पूर्व में घोषित किए गए ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर में बनने वाली गेवरारोड से पेण्ड्रारोड रेल लाइन की लागत करीब 3923 करोड़ रुपए है, जिसमे कोयला और खनिज परिवहन को सुगम बनाने के अलावा कोरबा, गेवरा, पेण्ड्रा, मरवाही क्षेत्र के व्यापारिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस लाइन के साथ ही रेलवे बोर्ड ने दोहरीकरण का कार्य करने के लिए भी 4970.11 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है, जिसमें 155.379 किलोमीटर लाइन का कार्य करने के लिए इरकॉन को मुख्य एजेंसी बनाया गया है। महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में एसईसीएल की भागीदारी 64 फीसदी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की 26 फीसदी, छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड की भागीदारी 10 फीसदी है। इस संपूर्ण कारीडोर रेल लाइन की शुरुआत खरसिया से की गई है, जो धरमजयगढ़, पेलमा, उरगा, कुसमुंडा होते हुए गेवरारोड में आकर मिलती है।

करीब होंगे 12 सेक्शन

गेवरारोड से लेकर पेण्ड्रारोड तक कारीडोर रेल लाइन में करीब 12 सेक्शन हैं। इसमें से सबसे बड़ा सेक्शन पुटीपखाना से भाड़ी तक 27.22 किलोमीटर और सबसे छोटा 7 किलोमीटर का सेक्शन गेवरारोड से सुराकछार तक है। एक सेक्शन पुटुवा से माटिन तक भी 7.2 किलोमीटर है। गेवरारोड से सुराकछार, कटघोरा, भिंगरा, पुटुवा, माटिन, सिंदूरगढ़, पुटीपखना, भांडी, धनगवां होते हुए पेण्ड्रारोड तक 12 सेक्शन है। कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां देश आजाद होने के बाद यह पहला अवसर है जब रेल लाइन बिछाई जा रही है।

श्रीराम मंदिर में सुविधाओं का विस्तार, विधायक ने किया नवनिर्मित सभागृहों का लोकार्पण

धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र हैं हमारे मंदिर : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सुविधाओं का विस्तार हुआ है। विधायक अमर अग्रवाल ने शनिवार को मंदिर परिसर में नवनिर्मित रघुनाथ एवं रघुनंदन सभागृह, कर्मचारी आवास तथा परिसर उन्नयन कार्यों का लोकार्पण किया।

लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपए के इन कार्यों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव की स्वीकृति से शासन के अधोसंरचना मद से 82 लाख रुपए तथा जनसहयोग एवं दान निधि से लगभग 40 लाख रुपए का योगदान मिला है। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि मंदिर आस्था के केंद्र होने के साथ ही समाज को जोड़ने और संस्कारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रीराम मंदिर बिलासपुर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का



महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां सुविधाओं के विस्तार से श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी और धार्मिक तथा सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में सहयोग देने वाले दानदाताओं और मंदिर समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शासन और समाज के साझा प्रयासों से जनहित के कार्यों को बेहतर स्वरूप मिलता है। मंदिर परिसर के पिछले हिस्से में नदी की ओर लगभग 3 हजार वर्गफीट क्षेत्र में श्री रघुनाथ सभागृह बनाया गया है। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती पूजा विधानी भी उपस्थित रहीं। जनसहयोग एवं दान निधि से लगभग 40 लाख रुपए की लागत से दो मंजिला भवन भी निर्मित किया गया है। करीब एक हजार वर्गफीट क्षेत्र वाले इस भवन के निचले हिस्से में श्री रघुनंदन सभागृह बनाया गया है, जिसमें लगभग 100 लोगों के बैठने की सुविधा है। यह सभागृह छोटे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी होगा। भवन की ऊपरी मंजिल पर मंदिर के कर्मचारियों के लिए आवास बनाए गए हैं। लगभग 125 वर्ष पुराने श्रीराम मंदिर में इन निर्माण और उन्नयन कार्यों से श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं। नए सभागृहों से मंदिर में नियमित गतिविधियों के साथ बड़े एवं छोटे आयोजनों के सुव्यवस्थित संचालन में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जोन अध्यक्ष श्रीमती मधुबाला टंडन, वार्ड पार्षद श्रीमती अंजना कश्यप, बबलू कश्यप, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, श्रीराम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद काले और सचिव संजीव बाटवे समेत अन्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तेलुगु महा संघम ने स्वच्छता कर्मियों का किया सम्मान



बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा एवं स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम की नगर शाखा द्वारा आज रामलीला मैदान, रेलवे परिक्षेत्र, तोरवा पुलिस स्टेशन के बाजू में स्वच्छता कर्मियों के स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक स्वच्छता कर्मियों का जिसमे डी आर एम ऑफिस, जी एम आफिस, रेलवे हॉस्पिटल,रेलवे स्टेशन, अन्नापूर्णा कॉलोनी, सिरगिट्टी ,रेलवे स्कूल,देवरी खुर्द जोन के आउट सोर्सिंग कर्मकारियों का स्वागत एवं सम्मान कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व रेलवे पार्षद व्ही. रामा राव ने कहा कि स्वच्छता कर्मी हमारे समाज के वास्तविक कर्मयोगी हैं। वे प्रतिदिन अपने अथक परिश्रम से हमारे शहर, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उनके कार्यों से न केवल स्वच्छता बनी रहती है। उनका सम्मान करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके श्रम, समर्पण और राष्ट्रसेवा के प्रति सच्ची कृतज्ञता व्यक्त करना है। श्री राव ने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल स्वच्छता कर्मियों तक सीमित न रखें, बल्कि प्रत्येक नागरिक अपने घर, मोहल्ले, सार्वजनिक स्थलों एवं शहर को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहभागिता निभाए। इस अवसर पर राजकुमार ने कहा कि समाज की सेवा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम के प्रदेश उपाध्यक्ष बी. वेणुगोपाल राव, प्रदेश सचिव एल राजुलु,राज कुमार,रमेश आर. मनोरथ बाबू, यू. मुरली राव, एन. लोकेश, एस शंकर राव, आर रामकुमार, पी. चंद्रा बाबू, सी. श्रीनिवास राव, सी नवीन कुमार, बी अनिल कुमार ए वेंकटेश्वर राव, आर. श्रीनिवास राव, पी. आनंद राव, जी. रमेश चंद्रा, आर. प्रसाद राव, बी वेंकट राव, एन. रमना मूर्ति, सुरेश पटनाला, अनुराधा जी श्रीनिवास रेड्डी, जी मुरलीधर रेड्डी आदि मौजूद थे।

भोज-पूजन के लिए कन्याओं की भारी कमी, लंबी वेटिंग

दस-दस जगह जा रहीं छोटी कन्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्र में कन्या भोजन और पूजन के लिए कन्याओं की भारी कमी हो गई है। शहर में भोजन व पूजन के लिए कन्याओं की इतनी कमी है कि श्रद्धालुओं को इन्हें अपने घर ले जाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। हालत यह भी है कि किसी घर में पूजन के लिए पहले से बैठी कन्याओं को अपने घर ले जाने के इंतजार में श्रद्धालु अजनबियों या पड़ोसियों के घर के बाहर इंतजार करते भी नजर आ रहे हैं कि कहीं कन्याओं को कोई अपने घर न ले जाए।

नवरात्र में कन्या भोजन व पूजन का अपना अलग ही महत्व है। दो से दस साल की उम्र वाली नौ कन्याओं को भोजन व पूजन के लिए बुलाया जाता है। इन कन्याओं को मां दुर्गा का नौ रूप मानते हुए इनकी पूजा अर्चना करके उन्हें उनकी रूचि का भोजन कराकर उपहार भी प्रदान किया जाता है। शहर में नवरात्र का उपवास रखने वाले तो कन्या भोजन कराते ही हैं, लेकिन बगैर व्रत रखे भी कन्या भोज कराकर व्रत का पूरा फल प्राप्त करने कन्या भोजन कराने वालों की संख्या भी काफी बढ़ गई है। यही कारण है कि छोटी कन्याओं की व्यवस्था में श्रद्धालुओं के पसीने छूट रहे हैं। कन्याओं में भोज के लिए जाने का उत्साह तो होता है, लेकिन यह उत्साह केवल शुरूआत के दो से तीन घरों तक ही सीमित होता है। इसके बाद कन्याएं अपने-अपने घर वापस लौटना चाहती हैं। दिक्कत यह है कि कन्या भोजन कराने वालों की संख्या इतनी अधिक व कन्याओं की संख्या इतनी सीमित है कि कन्याओं को अपने घर पहले ले जाने के लिए श्रद्धालुओं में ही आपस में खींचतान हो रही है।

घरेलू बाई व ट्यूशन शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी

विभिन्न घरों में काम करने वाली कामकाजी महिलाओं को इस बात की जानकारी अच्छी तरह होती है कि कॉलोनी व मोहल्ले के किन-किन घरों दो से दस साल की उम्र वाली कन्याएं हैं। इसी तरह छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं को भी छोटी कन्याओं की जानकारी होती है। ऐसे में अपने घरो में कन्या भोजन कराने की चाहत रखने वाले श्रद्धालु कन्याओं की व्यवस्था के लिए घरेलू बाई व ट्यूशन शिक्षिका के ही संपर्क में होते हैं। इनके माध्यम से कन्या भोजन के लिए कन्याएं मिल भी जाती हैं।

डेढ़ माह बाद आधे उपभोक्ताओं ने नहीं कराया केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग द्वारा अपने वास्तविक उपभोक्ताओं को खोजने की मुहिम सफल नहीं हो रही है। दरअसल 1 सितंबर से बिजली उपभोक्ताओं के मीटर कनेक्शन का ई-केवाईसी किया जाना था, लेकिन अबतक आधे उपभोक्ताओं का डाटा बिजली विभाग में दर्ज नहीं हो सका है।

- उपभोक्ताओं की रूचि नहीं

दरअसल आधार के अनुसार बिल में नाम नहीं होने पर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो रही है, जिससे चलते ईकेवाइसी सिरदर्द बन चुकी है। वहीं विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसका प्रचार प्रसार भी नहीं किया जा रहा है, ऐसे में ई-केवाईसी को लेकर उपभोक्ताओं की रूचि नहीं है। दरअसल बिजली उपभोक्ताओं का एक सितंबर से ई-केवाईसी किया जा रहा है, मोर बिजली मोबाइल ऐप के जरिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। सीएसपीडीसीएल ने बिजली कनेक्शन और उपभोक्ताओं के रिकॉर्ड को सही और पारदर्शी बनाने की योजना फेल हो रही है। बिलासपुर रीजन के तहत बिलासपुर, जीपीएम, मुंगेली और कोरबा जिले के करीब 8 लाख 57 हजार 800 बिजली उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी किया जाना है।

इन तरीकों से होगी ई-केवाईसी

पहले तरीके के अनुसार 'मोर बिजली मोबाइल ऐप' के जरिए खुद ऑनलाइन ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी वितरण केंद्र या जोन कार्यालय में जाकर अधिकृत कर्मचारियों से भी ई-केवाईसी करा सकते हैं। तीसरा विकल्प मीटर रीडर के जरिए है, जो घर पहुंचकर मोबाइल ऐप से प्रक्रिया पूरी करेगा। ई-केवाईसी के दौरान आधार ऑथेंटिकेशन के जरिए पहचान का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए ओटीपी, फिंगरप्रिंट या फेस ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

मृतक और दूसरे के नाम पर चल रहा कनेक्शन

दरअसल पिछले 20 सालों से बिजली विभाग अपने वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान नहीं कर सका है। ऐसे में मीटर कनेक्शन लेने के बाद उपभोक्ताओं की सही जानकारी विभाग के पास नहीं है। जिन लोगों ने 20 साल पहले मीटर लिया है, उनमें से कई मृत हो चुके है, कई बार रेंटल हाउस में मालिक और किराएदार के नामों में भिन्नता है। इसके साथ ही अवैध तरीके से भी कई घर और दुकानों में मीटर लगाए गए है। जिसकी पहचान ई केवाइसी के द्वारा की जानी है, लेकिन प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण योजना ठंडे बस्ते में है।

वनकर्मियों को सिखाई पेड़ काटने की तकनीक



बिलासपुर। वन वृत्त बिलासपुर के तीन डिवीजन मरवाही, मुंगेली और बिलासपुर के डीएफओ ने आरा मशीन हाथ में लेकर कर्मचारियों को पेड़ काटने की तकनीक सिखाई, जिसमें कूप के साथ सीमांकन लागिंग, मार्किंग के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान विशेष रूप से वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय की मौजूदगी में सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

बिलासपुर वन वृत्त में आने वाले मरवाही, बिलासपुर और मुंगेली के वन मंडलाधिकारी ने करगीखुर्द में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वयं आरा मशीन चलाकर इसका उदाहरण पेश किया। उन्होंने कर्मचारियों को वृक्ष विदोहन और लट्ठा निर्माण की तकनीक का व्यवहारिक प्रदर्शन करते हुए सुरक्षित व वैज्ञानिक तरीके से काम करने की समझाइश दी।

जानकारी के अनुसार वन विभाग के काष्ठ विदोहन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत खोडरी वन परिक्षेत्र के करगीखुर्द परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मरवाही वन मंडल के डीएफओ कुमार निशांत, बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार और मुंगेली वन मंडल के डीएफओ तन्मय कौशिक के साथ बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय विशेष रूप से मौजूद थे। डीएफओ ने स्वयं आरा मशीन चलाकर वृक्ष विदोहन और लट्ठा निर्माण की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल लकड़ी काटने की तकनीक सिखाना नहीं, बल्कि काम के हर चरण में सुरक्षा, सावधानी और वैज्ञानित पद्धति अपनाने की जरूरत को समझाना भी था। पेड़ काटने से लेकर लट्ठे तैयार करने तक तकनीकी नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करने पर भी जोर दिया गया। सीनियर अफसरों ने आरा मशीन चलाकर कर्मचारियों को व्यवहारिक जानकारी दी। इससे मैदानी कर्मचारियों को काम करने की सही तकनीक समझने और वास्तविक परिस्थितियों में सुरक्षा मानकों का पालन करने की भी सीख मिली।

किया गया था कार्यक्रम

खोडरी रेंज के करगीखुर्द बीट में उमरखोई के पास आरा मशीन कूप की प्रशिक्षण कार्यशाला रखी गई थी। इसमें तीनों डिवीजन बिलासपुर, मरवाही और मुंगेली के डीएफओ सहित अधिकारी, कर्मचारी के अलावा ग्रामीण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में लागिंग का प्रशिक्षण, पेड़ कटाई, लागिंग मार्किंग, पेड़ों की कटाई कितनी मात्रा में करें, उसे चिन्हांकित कैसे किया जाए। इस तरह की अन्य समझाइश और तकनीक की जानकारी दी गई।

-मनोज पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त बिलासपुर

बहतराई स्पोर्टस काम्पलेक्स के बालिका हॉस्टल के प्रांगण में रखी गई

एक दर्जन से अधिक सायकल पड़ी कबाड़ में, नहीं बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरस्वती सायकल योजना की सायकलों को देने के बजाय कचरे की तरह फेंक दिया गया है। यह सायकल बहतराई स्पोर्टस काम्पलेक्स के बालिका हॉस्टल के प्रांगण में कबाड़ की तरह रखी हुई है, जिसपर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में छात्राओं को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने और ड्राप आउट रेट को कम करने के लिए सरस्वती सायकल योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हजारों की संख्या में छात्राओं को सायकल वितरित की जाती है, जिसकी खरीदी करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च



टायर भी फट गए: बहतराई राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में बालक और बालिकाओं कें लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाए गए हैं। इसमें बालिकाओं के लिए बनाया गया हॉस्टल मुख्य गेट से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है, जहां सायकल को इस तरह रखा गया है कि ताकि उसपर किसी की नजर न पड़ सके। वर्तमान में यहां रखी एक दर्जन से अधिक सायकलों को ऐसा है कि किसी के टायर फट गए हैं, किसी सायकल के सीट टूट चुके हैं। कई सायकलों में जंग लगना भी शुरु हो गया है। इन सबके बावजूद सायकल को वहां से हटाने वाला कोई भी नहीं है।

किए जाते हैं। अपने गांव से दो से तीन किलोमीटर पैदल चलकर जाने वाले बच्चों को सायकल मिलने से आने-जाने में आसानी हो जाती है। गांव में रहने वाली बच्चियों की पढ़ाई के लिए स्कूल जाना एक बेसिक जरूरत है, खासकर जहां ट्रांसपोर्ट की सुविधा कम हो और दूरी की वजह से वह अक्सर रेगूलर स्कूल नहीं जा पाती हैं। सरस्वती सायकल इस चुनौती को दूर करने में मदद भी कर रही हैं। कई लड़कियों के लिए स्कूल का सफर अब लंबी पैदल यात्रा से नहीं, बल्कि एक सायकल से शुरु होती है।

जानकारी नहीं है

सायकल बालिका हॉस्टल के नीचे रखी हुई है, लेकिन इसको कौन रखा है। इसकी जानकारी अब तक नहीं हुई है। विभाग को इसके लिए पत्र लिखकर सूचित कर दिया गया है, ताकि सायकल बच्चों के काम आ सके।

-ए एक्का, उप संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

हरिभूमि

बिलासपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



बमलेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा



शहीद चन्द्रशेखर दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा।



जय महाकाल दुर्गा समिति मेंड्रा।



नूतन चौक में विराजी मां जगदम्बे।



रेलवे कंस्ट्रक्शन कालोनी में विराजी मां।



माँ शीतला दुर्गोसव समिति इमलीभाठा।



तिफरा में विराजी मां दुर्गा।



रिवरव्यू कोनी में विराजी मां।



श्री सिद्ध पीठ माँ दुर्गा सेवा समिति सम्बलपुरी आवासपारा सकरी।



बजरंग चौक दुर्गा उत्सव समिति चिचिरदा।

महाअष्टमी पर मंदिरों में विशेष पूजन, हवन, चढ़ाई गई अठवाई

शहर में नवरात्रि श्रद्धा व उत्साह से मनाई जा रही है। महाअष्टमी पर रविवार को मंदिरों में देवी की विशेष पूजा कर अठवाई चढ़ाई गई। श्रद्धालु भक्त व्रत रख कर देवी की आराधना में लीन रहे। महिलाओं ने भजन कीर्तन कर विविध आयोजन किया। नगाड़े की थाप पर जसगीत गाए गए।



बिलासपुर। तिफरा काली मंदिर, जरहाभाटा दुर्गा मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में अष्टमी पर भक्तों की भारी भीड़ रही। कई स्थानों में कन्या भोजन भी कराया गया।

काली मंदिर तिफरा में सोमवार 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अष्टमी, नवमीं का एक साथ हवन होगा। फिर कन्या पूजन कर उन्हें भोज कराया जाएगा। ब्राह्मण भोज, कपिला दर्पण के बाद जेवरा विसर्जन किया जाएगा। मंगलवार 20 अक्टूबर को बिदागरी, समापन, दक्षिणा, रावण दहन होगा।

तीन दिवसीय शारदीय नवरात्रि उत्सव



वैदिक धर्म संस्थान द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम कोटा रोड पेण्डारी में आयोजित तीन दिवसीय शारदीय नवरात्रि उत्सव का समापन रविवार को श्री चण्डी होम एवं महा चण्डी पाठ के साथ हुआ। स्वामी धर्मानंद के सानिध्य में बैंगलोर आश्रम से पधारे वैदिक पंडितों ने वैदिक विधि-विधान के अनुसार हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शैलेश पांडेय,फी ग्रुप के निदेशक प्रवीण झा तथा सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य यजमान के रूप में बबीता एवं राम सिदार दंपती ने अनुष्ठान में सहभागिता की। साथ ही विनोद पांडेय एवं ममता पांडेय, किरण चावला, अरविंद अग्रवालतथा कपिल अरोरा सहित अन्य यजमानों ने भी वैदिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पूजा-अर्चना संपन्न कराई।

उसलापुर में अष्टमी पर हवन



अष्टमी पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम् शान्ति सरोवर उसलापुर में हवन किया गया। वहीं चैतन्य देवियों की दिव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण की केंद्र रही। मां जगदम्बा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां दुर्गा, मां संतोषी, मां गायत्री, मां उमा एवं मां महाकाली के स्वरूप में राजयोग साधना में लीन ब्रह्माकुमारी बहनें विराजमान रहीं। मां उमा और मां संतोषी के स्वरूप में दो छोटी कन्याएं भी राजयोग की साधना करती हुई दिखीं। इस अवसर पर डॉ सी. वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा के रजिस्ट्रार डॉ अरविंद तिवारी, प्रो. अनुपम, राजाराम साहू, अंजन डे, मुख्य संचालिका बी.के. छाया दीदी एवं बी.के. कृष्णा बहन उपस्थित रहे। सभी ने चैतन्य देवियों की आरती कर आध्यात्मिक आनंद एवं शांति का अनुभव किया।

शो रास की थीम पर गुजराती समाज की महिलाओं ने किया गरबा



श्री गुजराती समाज टिकरापारा में पांचवें दिन महिला मंडल द्वारा शो रास का आयोजन रखा गया। महिला मंडल अध्यक्षा हीना पारेख ने बताया कि शो रास की थीम श्री कृष्ण की बाल लीला से रासलीला तक की दिव्या यात्रा की। इस शो रास में नंद बाबा श्री कृष्ण, गोपियों एवं कृष्ण के भक्तो ने शानदार परफॉर्मेंस देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस शो रास की कोरियोग्राफी दिव्यता शाह एवं प्रियंका शाह ने बहुत ही खूबसूरती से किया। छठवें दिन युवा मंडल द्वारा बड़ी ही दिलचस्प प्रतियोगिताबच्चो के लिए रखी। जिसमें बच्चों को टीवी के कार्टून कैरेक्टर्स एवं तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल के कैरक्टर्स बनकर आना था और मजे की बात यह थी कि उन बच्चों को अपने कैरेक्टर्स के ही स्टाइल में गरबा खेलने था। प्रांगण में चंपक चाचा पोपटलाल दयाबेन डॉ हाथी इन्होंने अपने अंदाज में गरबा खेलकर लोगों को खूब हसाया। 3 से 8 वर्ष तक के बच्चो में प्रथम रही कियाना सुतरिया जो स्पॉन्ज बॉब बनी थी,दूसरे स्थान पर माहिर जानी जो अलादीन बने थे। तीसरे स्थान पर हेती तेजाणी विजयी रही जो कि टुन टुन मौसी बनी थी। युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु नाथवानी ने विजेताओं की घोषणा की। सातवें दिन सप्तमी में गुजराती समाज द्वारा कपल गरबा का आकर्षक प्रतियोगिता रखी गई। जो कि हर वर्ष की परंपरा है। जिसमें अंडर 45 जोड़ी एवं 45 उम्र से ऊपर की जोड़ीयो हिस्सा लिया। जिसमें सभी कपल्स अपने-अपने जीवनसाथी के साथ गरबा के खूबसूरत गुजराती कपल सॉन्ग पर अपनी परफॉर्मेंस दी। समाज अध्यक्ष केतन भाई सुतरिया ने विजेताओं की घोषणा की।

सक्षम संस्था ने किया गरबा, भजन



राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम बिलासपुर इकाई के तत्वावधान में नवरात्रि पर सक्षम स्वरांजलि के सदस्यों ने संस्था की सदस्य चुन्नी मौर्य के निवास स्थान में भजन-कीर्तन, गरबा का आयोजन किया। सक्षम स्वरांजलि ग्रुप द्वारा महीने में 2 बार किसी न किसी कार्यकर्ता के यहां भजन, संगीत का कार्यक्रम रखा जाता है। इस कार्यक्रम में सक्षम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनूप, कल्याणी पांडेय, डॉ भूमिका, डॉ गौरीशंकर साहू, संतोष, आशुतोष यादव, सोनिया सोनी, अंजली चावड़ा, हरिहर राजपूत, राजेश साहू, डॉ श्रुति, ओमप्रकाश मौर्य उपस्थित रहे।

एलसीआईटी में रास गरबा भक्ति और उल्लास के रंगों में



एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर रास गरबा सीजन 5 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद जैन, सविता जैन एवं उपकार राय ने माँ जगदंबा के समक्ष सुखए समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का संचालन आरजे शिवम शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डॉ अर्चना शुक्ला,अभिनव पॉल, डॉ रितेश जैन, डॉ संदीप गुप्ता, डॉ शुभी श्रीवास्तव, डॉ अरुण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के डीनए विभागाध्यक्षए प्राध्यापकगणए कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दुर्गा वाहिनी ने किया शस्त्र पूजन



नवरात्रि पर विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुराना सरकंडा क्षेत्र में तीन स्थानों पर शस्त्र पूजन किया। विप्र डांडिया महोत्सव, संस्कार भवन, बजरंग नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति, लोधीपारा तथा शारदा दुर्गा उत्सव समिति शिवघाट शामिल रहा। विहिप के प्रांत अध्यक्ष ललित मखीजा ने शस्त्र और शास्त्र के अद्भुत समन्वय पर प्रकाश डाला एवं भारतीय संस्कृति में शस्त्र, शास्त्र के महत्व को रेखांकित करते हुए धर्म, संस्कार, शक्ति और राष्ट्ररक्षा के मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, प्रीति दुबे, भूमिका रायल, श्रद्धा सोनी, धृति सोनी एवं पंकज सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सशिमं में ढाई सौ कन्याओं का पूजन, भोग



नवरात्रि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलक नगर में श्रद्धा, भक्ति, सेवा और भारतीय संस्कृति के अनुपम संगम के साथ 251 कन्याओं का भव्य कन्या पूजन एवं कन्या भोज आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को माँ दुर्गा का स्वरूप माना गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र श्री राजीव अग्रवाल, रविन्द्र मिश्रा, नीतू मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास चौबे ने की। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित मातृशक्ति के रूप में आकांक्षा भट्ट, सुनीता देवी अग्रवाल, सीमा सुनार, कविता गुप्ता एवं पूजा शुक्ला मंचासीन रहीं।

27 खोली में सजा माता का दरबार



विकास नगर 27 खोली में महिला दुर्गा उत्सव समिति ने माता के दरबार में भजन, गरबा का आयोजन किया। गायक कलाकार अजय द्विवेदी के नेतृत्व में लगातार तीन घण्टे डांडिया उत्सव चला। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी थे। अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण कश्यप ने की। डॉ उषा किरण बाजपेयी, महेश श्रीवास ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डॉ उषा किरण, पुष्पा, निधि, उमा, दुर्गा, मीना, सलेखा, किरण, माया, सालू, मालती, मीनू, निधि, अनिता, मौसमी, रोशनी, साक्षी, सुनीता, मीनू, सोनी, पूजा, उदित, शारदा, शकुंतला, संगीता, दुर्गा, निहारिका, श्वेता, सुशीला, सरिता सहित अन्य बहनें एकजुट होकर सहयोग कर रही हैं।

सहस्र ज्योतिर्लिंग भक्तों को कर रहे आकर्षित



राजकिशोर नगर स्थित शिव-अनुराग भवन में सजी चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण की केंद्र बनी हुई है। नौ देवियों के दर्शन भी कराए जा रहे हैं। सहस्र ज्योतिर्लिंग की मनोहारी प्रस्तुति भक्तों को आकर्षित कर रही है। झांकी में चावला, बुधिया और विधानी परिवार सहित शहर के प्रतिष्ठित परिवारों एवं नागरिकों की भी सहभागिता हो रही है। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने वे देवी-दर्शन के साथ अपने जीवन में श्रेष्ठ परिवर्तन का संकल्प लेकर जाएं। जैसे शुभ अवसर पर दक्षिणा दी जाती है, वैसे ही यहां से श्रेष्ठ संकल्प लेकर जाना भी मूल्यवान है।

लायंस क्लब द्वारा मंदिर में कन्याभोज



लायंस क्लब द्वारा जनसेवा एवं धार्मिक आस्था की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए माँ त्रिपुर सुंदरी मरीमाई मंदिर, बिलासपुर में आयोजित कन्याभोज किया गया। माँ त्रिपुर सुंदरी मरीमाई के आशीर्वाद से आयोजित इस सेवा कार्य के माध्यम से क्लब के सदस्यों ने श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कन्याभोज में शामिल लोगों को फल वितरित किए गए। लायंस क्लब बिलासपुर सदैव सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

खपरगंज स्कूल में विजयादशमी उत्सव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने छह उत्सव को मानता आया है इसी निमित्त आज हम सभी अपना स्थापना दिवस के रूप में विजयदशमी उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए। हिंदू परंपरा के अनुसार विजय दशमी उत्सव सामूहिक शक्ति जागरण का उत्सव माना गया है। भारतीय हिंदू परंपरा में विजयादशमी पर्व सामूहिक शक्ति के जागरण का पर्व है। इसी तिथि को जगत जननी माँ दुर्गा ने अष्टभुजी स्वरूप धारण कर महिषासुर जैसे दुराचारी का संहार कर धर्म की रक्षा की थी। ऐसा विषय मंचस्थ महानुभावों ने रखा मंच पर विराजमान प्रथम स्थान पर दिग्विजय सिंह चौहान आप भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता एवम केशव उपनगर के संघचालक , उनकी बाई ओर द्वितीय स्थान पर विराजमान रहें आज के हमारे मुख्य वक्ता डॉ ललित मखीजा, प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक, विनायक नेत्रालय के संचालक तथा विश्व हिंदू परिषद के प्रांताध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीरंग काले केशव उपनगर के कार्यवाह , रवि वर्मा केशव उप नगर के सेवा प्रमुख, बाबाराव सोमावार केशव उप नगर के पर्यावरण प्रमुख हैं। कार्यक्रम का संचालन अमित तिवारी द्वारा किया गया, गीत अमर रुपानी द्वारा, अमृतवचन प्रवीण वर्मा द्वारा एवं सुभाषित संदीप सोनी द्वारा दिया गया, वरिष्ठ स्वयं सेवक में गोपाल लाल शर्मा, मदन शर्मा, बसंत अंचल, सतीश लाल आदि अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अष्टमी पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में कुंवारी भोज का आयोजन



मुंगेली। शारदीय नवरात्रि पर्व में अष्टमी तिथि पर घर–घर में कन्या भोज का कार्यक्रम चलते रहा। अष्टमी में हवन पूजन के पूर्व श्रद्धालुजन कन्या भोज कराते रहे। महाअष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में कुंवारी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें छोटी–छोटी कुंवारी कन्याओं को हलवा खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया गया। मंदिरों एवं घरों में सैकड़ों के तादात में कन्याओं का पूजा–अर्चना कर भोजन कराया गया। साथ में भैरव लंगूर को भी भोजन कराया गया। घर–घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा अर्चना की गई। कन्याओं को श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। सप्तमी के दिन सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। नवरात्रि में नौ दिनों तक जिस तरह से माता दुर्गा की आवभगत और पूजा–अर्चना की जाती है। उसी तरह से नवरात्रि में सप्तमी तिथि से कन्या पूजन का दौर शुरू हो जाता है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कुंवारी कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर उनका स्वागत सत्कार किया जाता है। नवरात्र में कुंवारी कन्याओं के भोजन कराने से पुण्य और कल्याण की प्राप्ति होती है।

ग्राम मौहाभाठा के दुर्गा मंदिर परिसर में डांडिया

तखतपुर। ग्राम मौहाभाठा में नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा मंदिर परिसर में डांडिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रांरभ में मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना की गई। आयोजन में खुशबू साहू, दिव्या साहू, दीपिका, गौरी, नंदनी, जानवी, लोमेश्वरी, कामनी, प्रगति, मुस्कान साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल बनाने में श्याम साहू, राजाराम पटेल, पिल्लूराम साहू, श्रीकांत, नंद लाल कैवर्त, सालिकराम साहू, चैतराम पटेल, अनुजराम साहू, सुरेश साहू, सुनील साहू, पिल्लूराम साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा–चैतन्य देवियों की झांकी में उमेश हुए शामिल



मुंगेली। ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा–चैतन्य देवियों की झांकी की दूसरे दिन को विशिष्ट अतिथिगण उमेश केशरवानी, स्नेहा केशरवानी व अनिल राजेश, मुस्कान राजेश, पारस चौरड़िया का बीके सीमा बहन के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर दीप प्रज्ज्वलित कर, देवियों की झांकी का शुभारंभ कराया। झांकी की विशेषताएं यह हैं कि ब्रह्माकुमारी बहनें कई घंटों तक लगातार मूर्ति स्वरूप स्थिति में स्थित रह सकती है, यह राजयोग के अभ्यास से ही संभव है इसे ही हम शिव की आदि शक्ति कह सकते है जो परमात्मा शिव से सहज राजयोग के प्रतिदिन के अभ्यास से एकाग्रता की प्राप्ति की जा सकती है। ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा राजयोग सिखाई जाती है। कार्यक्रम में बीके भाई बहन उपस्थित रहे। राकेश गुप्ता, गुड्डू, अशोक, योगेश, माधुरी, सुमन, अन्नपूर्णा, राजकुमारी देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही।

माता की कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत



बेलगहना। नवरात्रि के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। श्री कृष्ण नगर दुर्गा पंडाल से प्रारम्भ होकर सिद्ध बाबा मन्दिर होते हुए नगर भ्रमण करते हुए श्री हनुमान मंदिर, शिव मन्दिर होते हुए शोभायात्रा का पंडाल पर समापन हुआ। इस दौरान ग्राम के लोगो के द्वारा अपने घरो के सामने रंगोली बनाकर माता के कलश यात्रा का स्वागत किया। इस कार्यक्रम मे समित के सदस्य शलैश गजानन निषाद, सी एल चंद्रा गुप्ता, गोविन्द यादव, राजेश कश्यप, सुमन दास, तुलसी राम, खुसरो, सत्यम यादव, शिवांश गुप्ता, दीपक कश्यप,मोहित प्रधान, राम किशन यादव का सहयोग रहा।

नवदुर्गा स्वरूप में सजीं बालिकाओं का पूजन, जसगीतों से गूंजा दुर्गा मंदिर



पेंड्रा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जगद्गुरु रामानुजाचार्य आश्रम स्थित दुर्गा मंदिर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ओरिएंटल स्कूल एवं विजडम वे स्कूल की बालिकाएं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के रूप में सजकर मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आश्रम के अध्यक्ष स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने नवदुर्गा स्वरूप बालिकाओं का विधिवत पूजन किया और उनसे आशीर्वाद लिया। स्वामी जी ने कन्याओं को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे ने भी दुर्गा मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, भक्त मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय जसगीतों से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता रानी से प्रार्थना की। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। नवरात्रि के आगामी कार्यक्रमों के तहत 19 अक्टूबर को मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 20 अक्टूबर को मां दुर्गा के जवारा विसर्जन के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

देर रात तक हुआ श्रीबंगलामुखी अनुष्ठान, सुबह से लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

अष्टमी पर हजारों भक्तों ने किए मां डिडनेश्वरी के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

शारदीय क्वार नवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी मल्हार में भक्ति का अनोखा और अलौकिक सैलाब उमड़ पड़ा है। मल्हार की अधिष्ठात्री देवी मां भगवती डिडिनेश्वरी के दरबार में आस्था और विश्वास का संगम देखने को मिल रहा है, जिसने पूरे अंचल को देवीमय कर दिया है। नवरात्र अष्टमी तिथि को 20 श्रद्धालुओं ने माता के अलौकिक विग्रह के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां डिडिनेश्वरी की महिमा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना सालभर के भीतर पूरी हो जाती है। यही वजह है कि सप्तमी



तिथि से ही दूर-दूर से श्रद्धालु कोसों दूर से दंडवत या लेटकर प्रणाम करते हुए माता के दरबार में शीश नवाने पहुंच रहे हैं। आस्था का यह कठिन मार्ग पार कर भक्त माता के प्रति अपनी अनन्य श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं।

इस वर्ष मां के भवन में श्रद्धालुओं द्वारा रिकॉर्ड संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं। मंदिर परिसर इस समय 271 घृत कलश, 3 हजार 931 तेल कलश और 41 ज्योति जंवारा कलशों की दिव्य रोशनी से जगमगा रहा है, जो भक्तों की अटूट आस्था का जीवंत प्रमाण है। हवन व अन्य अनुष्ठान हुए नवरात्र महाष्टमी पर रविवार को हवन, पूजन, सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण व अन्य अनुष्ठान पंडित नरेश पाण्डेय ने सम्पन्न कराया व आचार्य मयंक पाण्डेय ने लोककल्याण के लिए मंदिर के यज्ञ शाला में देर रात श्रीबंगलामुखी कराया। सोमवार को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज के साथ सभी अनुष्ठान सम्पन्न हुए।

नागेश्वरी देवी मंदिर में माता का जगराता, नगर के पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मरवाही। नगर पंचायत एवं आसपास में शक्ति और साहस की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि बड़े जोर शोर से मनाया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धा पूर्वक मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराया है। इस दौरान देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक माता का भजन कीर्तन के साथ लोगों की आस्था की भीड़ उमर रही है। नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर पंचायत क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। मां नागेश्वरी देवी मंदिर कुम्हारी में गुरुवार को माता का भव्य जगराता का कार्यक्रम सुनील मानिकपुरी के द्वारा किया गया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। एवं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मरवाही के द्वारा भी गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसका लोगों ने बहुत आनंद उठाया। सर्वेश्वरी दुर्गा मंदिर में अरुण शर्मा, देवराज पारा सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति पुरानी बस्ती में अभिषेक दुबे, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बस स्टेण्ड में प्रदीप चतुर्वेदी, नवदुर्गा उत्सव समिति विद्यासागर चौक बरैहा में निलेश पाठक, गोवर्धन तिवारी एवं नागेश्वरी देवी मंदिर कुम्हारी में



के के त्रिपाठी के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ, प्रवचन कराया जा रहा है। सर्वेश्वरी देवी मंदिर में तेल के 243 घी के 20, मां नागेश्वरी देवी मंदिर कुम्हारी में तेल के 365 घी के 64 एवं जावरा 4, नाटेश्वरी देवी मंदिर बरौर में तेल के 221 घी के 40 मनोकामना ज्योति कलश भक्तों के द्वारा प्रज्वलित कराए गए हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगने पर विशालकाय पत्थर के नीचे प्राकृतिक गुफा में विराजी मां नागेश्वरी के दरबार में मनोकामना पूरी होती है।

सोनारपारा महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन पूजन, अठवाही चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालु



मुंगेली। सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन पूजन रविवार को किया गया। इसके साथ ही दुर्गा पंडालों में भी हवन रविवार देर रात तक होते रहे। रात्रि 8 बजे से अष्टमी का हवन प्रारंभ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला–पुरुष शामिल हुए। दुर्गा पंडालों में शाम से ही हवन प्रारंभ हो गए थे। सुबह 5 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुजन अठवाही चढ़ाने के लिए पहुंचते रहे। शारदीय नवरात्रि अपने अंतिम चरण में है। आज महाष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में श्रद्धा–भक्ति से लोग पूजा–अर्चना करने उमड़ पड़े। शारदीय नवरात्रि में अष्टमी तिथि पर सुबह से दिन भर देवी मंदिरो में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुजन अठवाही चढ़ाने के लिए पहुंचते रहे। नगर के मध्य में स्थापित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, पंडरिया रोड में शक्तिमाई, खरौपारा में काली मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दाउपारा में महामाया मंदिर, हथणीकला स्थित अष्टभुजी दुर्गा मंदिर, गीधा स्थित काली मंदिर, रामगढ़ में महामाया मंदिर, ग्राम खैरवार में महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर सहित नगर में जगह–जगह स्थापित देवी पण्डालो में भक्तों का तांता लग रहा है। देवी माता के साथ अन्य देवी–देवता का भी हवन के माध्यम से आह्वान कर पूजन किया गया। हवन के माध्यम से सभी की सुख–शांति व कल्याण की कामना की गई। साथ ही कष्ट बाधा को दूर करने प्रार्थना की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अष्टमी के अवसर पर विविध अनुष्ठान हुए। पूरे विधि–विधान से माता का श्रृंगार किया गया। नवरात्रि पर्व में दुर्गा पंडालों में भारी भीड़ नजर आ रही है। पुराना बस स्टैण्ड स्थित दुर्गा पंडाल, ठाकुर देव मंदिर बालानी चौक के पास स्थित दुर्गा पंडाल एवं दाऊपारा रेस्ट हाउस, पुराना बस स्टैण्ड आगर क्लब की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। पूजा के दौरान पंडालों में रंग–बिरंगी रोशनी दर्शकों को बरबस आकर्षित कर रहा है। जिसे देखने आस–पास के ग्रामीण प्रतिदिन नगर पहुंच रहे है। आज अष्टमी पर दुर्गा पंडालों पर भारी भीड़ नजर आई। देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। पुराना बस स्टैड, बालानी चौक, पड़ाव चौक में बार–बार ट्रैफिक जाम होती रही।

भूपेश ने महामाया में टेका मत्था...



बिलासपुर। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होने प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उनके साथ अटल श्रीवास्तव, आशीष सिंह, अभय नारायण राय, सिद्धांशु मिश्रा प्रदीप शर्मा मौजूद रहे।

नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ा भक्ति का सैलाब

सीपत। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को सीपत क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। सुबह से ही माता रानी के दर्शन और ज्योत-जंवारा की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मंदिरों में जल रहे ज्योति कलशों की दिव्य आभा और भजन कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर सुख समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। सप्तमी के अवसर पर मंदिरों में दिनभर चहल पहल बनी रही। सीपत के सेमरिया बाबा मंदिर में नवरात्र के अवसर पर 121 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर में ज्योत-जंवारा के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनवासी केंवट, प्रेम कुमार विश्वकर्मा और आनंद राम वर्मा सहित अन्य लोगों का धार्मिक आयोजन में विशेष योगदान है।

सनातन गरबा मेगा डांडिया, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

तखतपुर। नगर में भगवा ब्रिगेड के तत्वावधान में सनातन गरबा मेगा डांडिया का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में नगर की महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जनपद अध्यक्ष डां माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि शामिल प्रतिभागियों ने पारंपरिक अंदाज में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को प्रदर्शित किया है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि सनातन गरबा मेगा डांडिया में महिलाओं और बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डां



माधवी वस्त्रकार, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सीमा श्रीवास, कोमल सिंह ठाकुर, ऋषभ कश्यप, अरुण चौहान, कैलाश कश्यप, अजय यादव, अंकित अग्रवाल, अमित मंदानी, लता कश्यप, लक्ष्मी पाण्डेय नैन लाल साहू, दिनेश निर्मलकर, संतोष ठाकुर, विक्की निर्मलकर, आयोजक बदल निर्मलकर, इंद्राज सिंह ठाकुर, अमर निर्मलकर, पिंटू यादव, आयुष यादव, विक्की यादव, रोशन सिंह, सूरज ठाकुर, अमन ठाकुर, आदित्य ठाकुर जीतू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

डीएवी स्कूल में गरबा उत्सव की धूम

रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने मोहा मन



पथरिया। जरेली पेंड्री स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गरबा उत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में गरबा एवं डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। संगीत, नृत्य और उत्साह से सराबोर विद्यालय परिसर में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु रघु वैष्णव, सरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, जनपद सदस्य ज्योति रिंकू सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री टीकाराम वर्मा, कोमल साहू, अशोक निर्मलकर रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद गायत्री मंत्र का सामूहिक उच्चारण एवं डीएवी एंथम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पथरिया ब्लॉक के 15 गांवों के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य गौरव सिंह राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक पुरेंद्र सिंह राजपूत, उमेश साहू, राजेश कुमार, जयप्रकाश, तेजस्वी साहू, भगवानदास पटेल, उर्वशी साहू, गीताप्रसाद जायसवाल, आशुतोष पांडेय, गैंदराम साहू, अमितेश दुबे, खेलेश्वर वर्मा, संजना, जया कौशिक, जया यादव, साक्षी साहू, श्रद्धा यादव, अंजली साहू, दुर्गा साहू एवं अमित खंडेलवाल सहित सहयोगी कर्मचारियों का योगदान रहा।

केशरवानी महिला समिति ने मनाया गरबा महोत्सव

मुंगेली। केशरवानी महिला समिति द्वारा स्थानीय बीआर साव धर्मादा ट्रस्ट धर्मशाला में हर वर्ष की भांति मां दुर्गा की भक्ति में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव संध्या दीवान ने सर्वप्रथम मातारानी में माल्यार्पण एवं आरती हेतु संरक्षक अनीता गुप्ता, जया गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, सपना गुप्ता, मनोरमा गुप्ता, अध्यक्ष ज्योति गुप्ता को आमंत्रित किया।

संगठन मंत्री सीमा गुप्ता ने दुर्गा स्तुति की सुंदर प्रस्तुति दी। कोषाध्यक्ष शुभलक्ष्मी केशरवानी एवं सुनीता गुप्ता के दुर्गा जी के सुंदर भजन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जया गुप्ता ने अपने उद्बोधन में शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा को कठिनाइयों और संकटों से पार कराने वाली ऐसी शक्ति बताया, जो



गरबा महोत्सव में शामिल सामाजिकजन

केवल बाहरी राक्षसों का संहार करने वाली देवी नहीं हैं, बल्कि वे हमारे भीतर छिपे अहंकार, आलस्य, क्रोध और बुराइयों का नाश करने वाली, करुण, प्रेम, साहस की प्रतीक हैं बताते हुए कहा कि वे चारों दिशाओं से अपने भक्तों की रक्षा करती हैं। गरबा के सुंदर सामाजिक आयोजन में अनीता दुर्गा स्तुति, प्रमिला गणेश वंदना व युगल नृत्य, संध्या किरण दीवान युगल नृत्य, जया गुप्ता शानदार एकल डांस राजस्थानी डांस खम्मा रे खम्मा. जब जिद पे आ गई पार्वती, ज्योति गुप्ता धार्मिक प्रसंग, ममता केशरवानी प्रेरक प्रसंग, रिंकी गुप्ता, सुरेखा गुप्ता, मेघा गुप्ता सुन्दर एकल डांस, विभा केशरवानी के हंसी से भरपूर चुटकुले, सावित्री, रचना भजन के साथ ही गरबा के पांच ग्रुप में मंगला ग्रुप से सपना, मेघा, वंदना, कनक, रंजीता, विभा, सुरेखा, सरोज, साक्षी, ऋतु, वैष्णवी ग्रुप से अनीता, जया, प्रमिला, सावित्री, सविता, शारदा ग्रुप से ज्योति, सीमा, शुभलक्ष्मी, सुनीता, अमिता, पदमा, सीता, प्रतिमा, आदिशक्ति ग्रुप से रिंकी, कनक, श्रेया, शालिनी, समीक्षा, साक्षी, पूजा, मधु, शिवशक्ति ग्रुप से सविता, रूपा, सरिता, रचना, लक्ष्मी, नेहा, निशा की गरबा प्रतिभागियों ने शानदार गरबा नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसी क्रम में ज्योति गुप्ता द्वारा अपने पूर्वजों स्व. चंद्रकांता भानुप्रताप गुप्ता की स्मृति में गरबा प्रतिभागियों महिला सदस्यों को मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय चैतन्य दुर्गा झांकी का समापन, रतनपुर के महामाया मानस मंच से गूंजा नशामुक्ति का शंखनाद

बिलासपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड के अंतर्गत रतनपुर शाखा द्वारा एक भव्य और प्रेरणादायक तीन दिवसीय चैतन्य दुर्गा झांकी का आयोजन किया गया। यह आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम मुख्य शाखा की संचालिका बीके स्वाति दीदी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पर्व के इस पावन अवसर पर सजी अलौकिक चैतन्य देवियों की झांकी ने जहां श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया, वहीं महामाया मानस मंच के माध्यम से समाज को व्यसन मुक्ति का एक सशक्त संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार और रतनपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी संतोषी दीदी के नेतृत्व में तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में लाखों की संख्या में श्रद्धालु और आम जनमानस शामिल हुए। चैतन्य



झांकी के प्रांगण में जैसे ही देवियों के रूप में बैठीं ब्रह्माकुमारियों ने अपनी एकाग्रता और दिव्य दृष्टि से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर किया, वहां उपस्थित हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो उठा। श्रद्धालुओं ने देवियों के इस जीवंत और पावन स्वरूप के दर्शन कर असीम शांति की अनुभूति की। इस भव्य आयोजन के दौरान अध्यात्म को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए एक वृहद व्यसन मुक्ति अभियान चलाया गया। रतनपुर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी संतोषी दीदी ने चैतन्य देवियों की झांकी के प्रांगण तथा प्रसिद्ध महामाया मानस मंच से उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में संतोषी दीदी ने कहा कि समाज कई तरह की सामाजिक कुरीतियों और नशों की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। सच्चा दैवीय गुण और शक्ति तब तक हमारे जीवन में अवतरित नहीं हो सकती, जब तक हम अपनी आंतरिक बुराइयों और व्यसनों का त्याग नहीं करते। संतोषी दीदी ने सिद्धपीठ मां महामाया मानस मंच से पुरजोर शब्दों में अपील करते हुए कहा कि त्योहारों की वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम अपनी बुरी आदतों को मां दुर्गा के चरणों में समर्पित कर दें। उन्होंने उपस्थित लाखों लोगों को जीवन भर किसी भी प्रकार के नशे जैसे शराब, गुटखा, सिगरेट आदि से दूर रहने का संकल्प दिलाया। सेवाकेंद्र के भाई-बहनों द्वारा झांकी प्रांगण में विशेष रूप से व्यसन मुक्ति प्रदर्शनी और परामर्श स्टॉल भी लगाया गया था, जहां लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से इससे उबरने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

कायस्थ समाज के गरबा महोत्सव में अवनी चुनी गईं गरबा क्वीन



बिलासपुर। कायस्थ समाज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में इमलीपारा स्थित चित्रगुप्त भवन में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। आयोजन में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। महोत्सव में महिलाओं ने एकल एवं समूह में गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, वहीं पुरुषों ने भी समूह में गरबा कर उत्साह दिखाया। भक्ति और उल्लास से सराबोर प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कपल कॉस्ट्यूम में गरबा नृत्य की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। महोत्सव के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें अवनी श्रीवास्तव ने प्रथम, कंचन श्रीवास्तव ने द्वितीय और नीलिमा वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वंदना श्रीवास्तव और सुजाता श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सामाजिक एकता और सद्भाव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज की ओर से स्वजातीय बंधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन की शुरुआत कन्याओं को भोजन कराकर की गई, जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। आयोजन में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और आपसी मेल-मिलाप की झलक देखने को मिली ।

खबर संक्षेप

मान्या का राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन



दगोरी। ग्राम छतौना निवासी मान्या रजक ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से रजक समाज सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मान्या रजक, पिता बलराम प्रसाद रजक, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, चकरभाठा में कक्षा आठवीं की छात्रा हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए उनके चयन की खबर से परिवार, रजक समाज, विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। जय रजक ने बताया कि मान्या की यह उपलब्धि रजक समाज के लिए गर्व का विषय है। समाज की बेटी ने खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर अन्य बच्चों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी सफलता से यह संदेश मिलता है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

देवी जागरण विशेष कृपा प्राप्त करने का साधनः त्रिलोक



बिलासपुर। कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने सप्तमी पर कोनी में नवयुवक दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में पदयात्रियों का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान संतोष मिश्रा, राजा खान के ग्रुप महामाया जागरण मंडली द्वारा जगराता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में त्रिलोक ने कहा कि देवी जागरण या माता जगराता सिर्फ मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं है, यह तो नवरात्रि में माता रानी की विशेष कृपा अनुकंपा और देवी शक्तियों को साधने का उत्सव है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अशोक श्रीवास, रामाधार केवट सुशील पांडे सीताराम श्रीवास राम विजय गढवाल, अनुपम दुबे मणिशंकर पटेल, अनिल श्रीवास रामस्वरूप श्रीवास रामकुमार केवट रामकुमार श्रीवास ब्रिज खंडे जनक पांडे राजू पिल्ले मनोज श्रीवास, आनंद चंद्र श्रीवास गीतेश्वर पटेल आयुष सिंह, चरण सिंह राज शुभम श्रीवास, सतीश तिवारी आयोजन समिति के दीपक श्रीवास वेदव्यास श्रीवास लाला यादव अर्जुन ध्रुव हर्ष कश्यप संतोष गुप्ता सुरेश यादव मनोज पटेल दुर्गेश पटेल राजा पटेल लक्ष्मीकांत श्रीवास राहुल श्रीवास लाला ठाकुर नानू यादव देवशरण कौशिक रामू पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

झुका हुआ बिजली का खंभा दुरुस्त, ग्रामीणों को मिली राहत

लोरमी। 14 अक्टूबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर का त्वरित और बड़ा असर देखने को मिला है। ग्राम खपरीकलां में लंगरा सब-स्टेशन से आने वाली 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन का झुका हुआ पोल और लटकते तारों को बिजली विभाग ने दुरुस्त कर सीधा कर दिया है। हाल ही में समाचार पत्र में लटकते हाईटेंशन तार और झुके खंभे से हो सकती है। बड़ी दुर्घटना, ग्रामीण परेशान शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। इस खबर में बताया गया था कि तालाब पार के पास खेत-खार जाने वाले मुख्य रास्ते पर खंभा अत्यधिक झुक गया था और तार काफी नीचे लटक रहे थे, जिससे किसानों और ग्रामीणों के आवागमन में भारी खतरा बना हुआ था।



निधन



निशा देवी द्विवेदी

बिलासपुर। एकता कॉलोनी, अशोक नगर, सरकंडा निवासी निशा देवी द्विवेदी का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 69 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय अंबिका प्रसाद द्विवेदी की पत्नी आशुतोष,अवधेश, अभिषेक द्विवेदी की माता थीं।



हिमांशु बुधिया

बिलासपुर। एयरटेल टावर रोड, सरजू बगीचा मसानगंज निवासी हिमांशु बुधिया का निधन हो गया। वे 25 वर्ष के थे। वे शिव बुधिया के पुत्र थे। उनकी अंतिम यात्रा 19 अक्टूबर सोमवार सुबह 11 बजे, उनके निवास मसानगंज से सरकंडा मुक्तिधाम सरकंडा के लिए जाएगी।



शालिनी लाल

बिलासपुर। ओमनगर जरहाभाठा निवासी शालिनी लाल पति स्व. टीएन लाल का गुरुवार 15 अक्टूबर को हो गया। वे 93 वर्ष की थीं। वे प्रो. अविनाश कुमार लाल एवं अनिमेष लाल की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 16 अक्टूबर को प्रभु की वाटिका सिंधी कालोनी में किया गया।



रामा श्रीवास (गुरुजी)

बिलासपुर। तखतपुर के ग्राम बेलसरी निवासी रामा श्रीवास गुरुजी का 18 अक्टूबर रविवार को दोपहर 11.30 बजे निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलसरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व, रामभाउ, स्व, रामदत्त के छोटे भाई, रामकुमार श्रीवास के बड़े भाई थे।



नितेश जायसवाल

मुंगेली। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं नितेश बैग हाउस के संचालक नितेश जायसवाल पिता स्व शिवकुमार जायसवाल का सुबह 4 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. नितेश जायसवाल संस्कार एवं संकल्प के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 18 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे ढाऊपारा मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन उपस्थित रहे।

चालक-परिचालक को सुरक्षित निकालकर अस्पताल भेजा गया

बरेला में मवेशी के सामने आने से दूसरी गाड़ी से टकराया हाइवा, क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव





सड़कों पर घूमते मवेशी अब आम नागरिकों के साथ-साथ खुद अपनी जान के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। जरहागांव क्षेत्र में सड़क पर मवेशी सामने आने के बाद हाईवा अनियंत्रित होकर आगे चल रही स्लीपर गाड़ी से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाईवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक-परिचालक वाहन के अंदर फंस गए। पुलिस की ओर से दोनों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

इस घटना ने एक बार फिर सड़क पर खुलेआम घूम रहे मवेशियों की समस्या और दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में जगह-जगह मवेशियों के सड़क पर बैठने और घूमने से वाहन चालकों को लगातार खतरा बना रहता है। विशेषकर रात के समय अंधेरे में मवेशियों का दिखाई नहीं देना गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। सड़क पर अचानक मवेशियों के सामने आ जाने से वाहन चालकों को संभलने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में वाहन अनियंत्रित होने के साथ दूसरे वाहनों से टकराने का खतरा भी बढ़ जाता है। बरेला में हुई दुर्घटना इसी समस्या की गंभीरता को सामने लाती है। जरहागांव थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय बरेला में दुर्घटना के दौरान हाईवा आगे चल रही स्लीपर गाड़ी से टकरा गया था। हाईवा में फंसे चालक और परिचालक को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क पर घूमने वाले मवेशियों की पहचान और रात के समय उनकी दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से उनके गले में रेडियम पट्टी पहनाने की पहल पर पंचायत से चर्चा की जाएगी। इससे रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद मवेशी दूर से दिखाई देने में मदद मिल सकती है और दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में सहयोग मिल सकता है।

थाने में शरण लेते मवेशी, व्यवस्था पर सवाल

जरहागांव थाने में मवेशियों के शरण लेने की स्थिति भी चर्चा का विषय बनी हुई है। आखिर बेजुबान पशुओं को सुरक्षित आश्रय और देखभाल की व्यवस्था कहां मिलनी चाहिए? सड़क पर घूमते मवेशी जहां दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं, वहीं स्वयं भी हादसों में घायल होने का खतरा उठाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए केवल सड़क से मवेशियों को हटाना पर्याप्त नहीं होगा। निराश्रित पशुओं के लिए सुरक्षित आश्रय, चारा-पानी और देखभाल की व्यवस्था के साथ पशुपालकों की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।



कौशिक ने परिवार संग किया कन्या पूजन

बिलासपुर। शारदीय नवरात्रि पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बिलासपुर में भक्ति और आस्था के साथ पूजा-अर्चना की। सिद्धपीठ त्रिपुरसुंदरी मरिमाई मंदिर में उन्होंने अपने पुत्र देवेंद्र कौशिक के साथ 108 कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन कराया।

इस अवसर पर उन्होंने कन्याओं एवं अपने पोते अबीर कौशिक का पूजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन परोसा एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पूजन को नवरात्रि में साक्षात देवी स्वरूप की पूजा माना जाता है। श्री कौशिक ने कहा कि कन्या पूजन हमारी सनातन संस्कृति की महान परंपरा है। इन कन्याओं में ही दुर्गा के नौ स्वरूपों का वास है। इनका आशीर्वाद प्राप्त कर मन धन्य हो गया। इसके पश्चात उन्होंने गणेश नगर, चुचुहियापारा स्थित महामाया मंदिर में दर्शन-पूजन किया तथा अन्नपूर्णा कॉलोनी में विराजित दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

डिप्टी सीएम से की मुलाकात

श्री कौशिक ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। ज्ञात हो कि गत दिवस लोरमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अरुण साव चोटिल हो गए थे। श्री कौशिक ने उनका कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि श्री साव शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें और वे जल्द पूर्णतः स्वस्थ होकर पुनः जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हों। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।

कस्तूरबा कन्या स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर



मुंगेली। कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विनोबा नगर में शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर दिलीप ताम्रकार, सावन सोनी, मोहन उपाध्याय, त्रियुगी नारायण श्रीवास एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में जिले के विभिन्न विद्यालयों संस्कार विद्या मंदिर देवरी, एबीवाई ईएम स्कूल सेतगंगा, शिशु भारती बिजातराई, बीपीएस एकेडमिक बामपारा, अंबेडकर पब्लिक स्कूल सेनगुड़ा, मां शीतला विद्या मंदिर कुकसदा कंचनपुर, ओम विद्या पीठ, माँ भारती चातरखार, शिव शक्ति विद्यालय कनतेली, विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनोबा नगर विद्यालय के कुल 156 शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक दिलीप ताम्रकार, मोहन उपाध्याय, सावन सोनी, संतोष साहू, त्रियुगीनारायण श्रीवास, मनोहर यादव एवं चंद्रशेखर शर्मा ने शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने उद्बोधन में ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में निखार तभी आता है जब हम ईमानदारी से कार्य करते हैं। अध्यापक का दायित्व बहुत कठिन है। कमजोर बच्चों को हमें चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए। हमारे एक–एक सेकंड का हिसाब होना चाहिए और दिनचर्या प्रातः 4 बजे से प्रारंभ होनी चाहिए। कम संसाधनों में भी अच्छा जीवन जिया जा सकता है। हम जिस परिस्थिति में हैं, उसे ही सर्वश्रेष्ठ मानकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी द्वारा किया गया।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का करेंगी प्रतिनिधित्व

विरानी पब्लिक स्कूल की जानवी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 21 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, सीपत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी जानवी भारद्वाज छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जानवी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से श्रीनगर रवाना होंगी। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

जानवी का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनकी सफलता से विद्यालय का गौरव बढ़ा है और अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। विद्यालय की प्राचार्य तारा गिरी ने जानवी को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यालय संचालिका नसीम विरानी और स्पोर्ट्स टीचर सूर्यप्रकाश चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं सहयोग की सराहना की। विद्यालय के शिक्षकगण और समस्त स्टाफ भी विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। जानवी छत्तीसगढ़ के दल प्रभारी अनिल सिंह क्षत्री के साथ श्रीनगर रवाना होंगी। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि जानवी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

स्व. मालिकराम की स्मृति में ग्राम गौरव सम्मान समारोह

चकरभाठा/मुंगेली। जय महामाया समिति गोटियापारा चकरभठा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पंडाल में नौ दिनों तक मां दुर्गा का विधि–विधानपूर्वक भव्य पूजा–अर्चना एवं धार्मिक आयोजन श्रद्धा–भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष के विशेष आकर्षण के रूप में खैरागढ़ की प्रसिद्ध जीवरानी परिवार एवं टीम द्वारा माता के भव्य जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जगराता में खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। इस भव्य आयोजन का आनंद लेने और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन के साथ ही समिति द्वारा गांव का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'स्व. मालिकराम की स्मृति में' ग्राम गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व जनपद सदस्य रामाधार जायसवाल, वरिष्ठ नागरिक जगदीश जायसवाल, उत्तम जायसवाल, रामजी साहू, नारद जायसवाल समिति से प्रफुल जायसवाल, हितेश जायसवाल, पंकज जायसवाल, किशन जायसवाल, हुकुम जायसवाल, आयुष जयसवाल, मेलू जायसवाल, घनश्याम जायसवाल सहित समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं ग्रामीणों का योगदान रहा।



राम के रूप में सजे बच्चे, मना दशहरा

रावण दहन कर दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

सीपत। दशहरा की छुट्टियों से पहले शुक्रवार को विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत में रावण दहन का कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नर्सरी से केजी 2 तक के नन्हे बच्चे भगवान श्रीराम की आकर्षक वेशभूषा में सजकर स्कूल पहुंचे। बच्चों के मनमोहक रूप और उत्साह ने कार्यक्रम को खास बना दिया। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या तारा गिरी, शिक्षक पूनम मंडल, प्रदीप पांडेय सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद रावण दहन किया गया। भगवान श्रीराम की वेशभूषा में सजे बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा।।इससे पहले नवरात्र के अवसर पर विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों ने गरबा डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। विद्यालय में आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए बच्चों को भारतीय त्योहारों के महत्व और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराया गया। शिक्षक प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि दशहरा हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रावण दहन के माध्यम से बच्चों को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान, संस्कार और आपसी सहभागिता की भावना विकसित होती है।



17 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं के लिए मतदाता जागरूकता अभियान

मस्तूरी। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पचपेड़ी में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश सूर्यकांत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को अपने मताधिकार के महत्व को समझना चाहिए तथा पात्रता प्राप्त करने पर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार कुर्रे ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सजनी भारद्वाज एवं चमेली कमलेश ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाता पंजीकरण के लिए अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए निर्धारित पात्रता पूरी करना आवश्यक है। विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने तथा मतदाता जागरूकता अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 17 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



ग्राम उमरिया और डाकाचका को मिली विकास की सौगात

उमरिया-डाकाचका में 33.19 लाख के कार्यों का लोकार्पण

सरगांव। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति देते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ग्राम उमरिया एवं ग्राम डाकाचका में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने दोनों ग्राम पंचायतों में कुल 33 लाख 19 हजार रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया।

ग्राम उमरिया में 11.69 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन तथा 5 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मंगल भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम डाकाचका में 6.50 लाख रुपये के मंगल भवन, 6.50 लाख रुपये के सामुदायिक भवन और 3.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित दुर्गा मंच का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कौशिक ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य गांव, गरीब और किसान का समग्र विकास है। उन्होंने कहा बिल्हा विधानसभा के प्रत्येक गांव का विकास हमारी प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी भवन बनने से हमारे छोटे बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा का वातावरण मिलेगा, माताओं को सुविधा होगी। मंगल भवन और सामुदायिक भवन बनने से गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक स्थायी स्थान मिलेगा, अब ग्रामीणों को किसी भी आयोजन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। दुर्गा मंच का निर्माण हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक कदम है। नवरात्रि और अन्य धार्मिक आयोजनों में इस मंच का उपयोग होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू तथा रिजवान हक़ ने भी क्षेत्र के विकास के लिए माननीय विधायक तथा राज्य सरकार का आभार वयक्त किया।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कैलाश सिंह ठाकुर जिला महामंत्री भाजपा मुंगेली पोषण यादव अध्यक्ष भाजपा मण्डल सरगांव विशिष्ट अतिथि- चित्ररेखा जांगडे जनपद अध्यक्ष, जनपद पंचायत पथरिया दीपिका चन्द्रशेखर कौशिक उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत पथरिया रिजवान हक सदस्य जनपद पंचायत पथरिया मोहरदास कोशले सरपंच, ग्राम पंचायत उमरिया सुरेन्द्र कुमार कोशले उपसरपंच उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए श्री कौशिक का आभार व्यक्त किया।

एक दिवसीय मिनी शतरंज चैंपियनशिप

लोरमी। जिला शतरंज संघ के तत्वधान में एक दिवसीय मिनी वर्ग अंडर - 07 व 09 वर्ष बालक- बालिका रैंकिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में मुंगेली जिले से कुल 07 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप से नितेश अग्रवाल एल्डरमैन, नगर पालिका, लोरमी व संरक्षक, जिला शतरंज संघ, विशिष्ट अतिथि जे मृदुल राव, जे दिव्या राव समाजसेवी एवं सूर्यकान्त शर्मा कोषाध्यक्ष, मुंगेली जिला शतरंज संघ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्पर्धा के चीफ आर्बिटर ओमप्रकाश वन्दे, डिप्टी चीफ ऑर्बिटर यश शर्मा एवं आर्बिटर अमन कुमार मिरी, अनुराग बंजारे थे। स्पर्धा 4 चक्रो में आयोजित की गयी जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान- रुद्राक्ष शर्मा, द्वितीय स्थान - जे अचिंत्य राव, तृतीय स्थान - ऋषभ सिंह आयाम, चतुर्थ स्थान - हर्ष शर्मा एवं बालिका वर्ग में प्रथम-आराध्या जायसवाल, द्वितीय-अदिति कश्यप, तृतीय-देवांशी साहू रही। बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को 400 रु नगद, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र तथा द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को 350रु नगद, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र सहित सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, चेयरमेन विजय वर्मा, उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा वरिष्ठ सदस्य युगल किशोर राजपूत, अरविंद पांडे, अजय बघेल, राजेश पाटले, मुकेश सिंह ने प्रदान की है।



खबर संक्षेप

सप्तमी की रात रतनपुर में 25 किलो कड़े जब्त

बिलासपुर। सप्तमी की शाम से हजारों की संख्या में पदयात्रा व वाहनों में दर्शनार्थी मां महामाया देवी की दर्शन करने रतनपुर जा रहे थे। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में शांती व्यवस्था बनाने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय, टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शाम होते ही महामाया चौक, शनिचरी बाजार चौक, गिरजाबंद चौक में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर में दर्शन करने जाने वालों की जांच की जा रही थी। इस दौरान हाथ में भारी भरकम कड़ा पहनने पर उसे उतरवा कर जब्त किया जा रहा था। देर रात तक चले अभियान में पुलिस ने 25 किलो वजनी भारी भरकम कड़ा जब्त किया है। ज्ञात हो कि पिछले साल कोतवाली पुलिस ने दुर्गा विसर्जन के दौरान इसी तरह विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में भारी भरकम कड़ा जब्त किया था।

डीजल चोरों को पकड़ने वाला आरक्षक लाइन अटैच

बिलासपुर। बिना इवेंट के दूसरे थाना क्षेत्र में डीजल चोरों को पकड़ने के लिए जाने वाले डायल 112 के आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। गुरूवार की रात सिरगिट्टी थाने के डायल 112 का आरक्षक चंद्रकांत निर्मलकर बिना इवेंट के दूसरे तोरवा थाना क्षेत्र में जाकर डीजल चोरी के संदेह पर कुछ लोगों को पकड़ लिया। संदिग्ध आरक्षक का कालर पकड़कर गाली गलौज करने लगे। आरक्षक ने सिरगिट्टी थाना प्रभारी को फोन कर घटना की जानकारी दी। प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और बल के साथ मौके पर जाकर संदिग्धों को पकड़कर थाने लेकर गए। बाद में थाना क्षेत्र नहीं होने के कारण संदिग्धों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी होने पर एडीशनल एसपी पकंज पटेल ने आरक्षक चंद्रकांत निर्मलकर को लाइन अटैच कर दिया है। सिरगिट्टी टीआई यशवंत प्रताप सिंह ने बताया कि आरक्षक को लाइन अटैच किया गया है।

मुक्तांजली वाहनों की कमी, शव ले जाने में देरी

बिलासपुर। 9 सालों से जिले में 8 मुक्तांजली वाहन के सहारे शव को



गंतव्य स्थानों तक भेजा जाता रहा है, लेकिन सरकार के आदेश के बाद इनमें 3 वाहनों को कोटा, मस्तुरी और जीपीएम भेज दिया गया है। जिसके बाद जिले शहर में 5 वाहन के भरोसे ही व्यवस्था चलाई जा रही है। सरकारी वाहन 02 पंजीयन के तहत रजिस्टर्ड वाहनों को कोटा, मस्तुरी और जीपीएम भेज दिया गया है, यह वाहन 2017-18 से शहर में तैनात थे, जिसके माध्यम से सिम्स और जिला अस्पताल से शव को गंतव्य स्थान तक भेजा जाता रहा है। दरअसल टोल फ्री नंबर 1099 पर कॉल करने के बाद सिम्स व जिला अस्पताल से शव को भेजा जाता रहा है, 8 वाहनों होने के कारण शव को भेजने में आसानी होती थी, लेकिन अब वाहन की कमी होने के बाद परिजनों को इंतजार करना पड़ रहा है हालांकि कोटा व मस्तुरी जैसे ब्लॉक में रखी गए वाहन भी जिले में कार्य कर रही है, लेकिन इन जगहों पर दिक्कत नहीं होने के बाद भी वाहनों को रखा गया है, जबकि सर्वाधिक शव सिम्स और जिला अस्पताल से ही छग के अन्य जिलों और गांवों तक पहुंचाए जाते रहे हैं।

फिर भी योजना फाइलों में अटकी — **जिले के चार ब्लाकों में स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जाना है, विद्यार्थी अब भी पुराने ढर्रे पर ही पढ़ाई करने को मजबूर हैं**

जिले में चार और प्रदेश में बनाए जाने हैं 108 उत्कृष्ट स्कूल, 100 करोड़ का बजट भी

बिलासपुर। प्रदेश के हर ब्लाक में आधुनिक सुविधाओं से लैस स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल विकसित करने की योजना फिलहाल कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी है। शासन ने प्रदेशभर में 108 स्कूलों का चयन तो कर लिया है, लेकिन चयनित स्कूलों में अब तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ है। खास बात यह है कि इन्हीं स्कूलों को इसी सत्र से आधुनिक बनाने के लिए करीब 100 करोड़ रुपए का बजट प्रविधान किया गया है। बावजूद इसके विद्यार्थी अब भी पुराने ढर्रे पर ही पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बिलासपुर की बात करें तो जिले के चार ब्लाकों में स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जाना है।

योजना के तहत चयनित स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, ई-लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जानी हैं। उद्देश्य



विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। लेकिन सत्र शुरू होने के महीनों बाद भी योजना की रफ्तार जमीन पर नजर नहीं आ रही है। ऐसे में बजट प्रविधान और स्कूलों के चयन के बावजूद विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के लिए अभी इंतजार करना पड़ रहा है। समग्र शिक्षा के मुताबिक चयनित स्कूलों की सूची शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। इसके साथ ही स्कूलों में रिक्त पदों और भवनों की स्थिति से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। अब आगे की प्रक्रिया शिक्षा विभाग स्तर पर होनी है। सवाल यह है कि जब इसी सत्र से स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है तो अब तक कार्ययोजना और निर्माण-उन्नयन का काम जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है।

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार इन स्कूलों के शुरू होने से ग्रामीण बच्चों को निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। तकनीक आधारित पढ़ाई से सीखने की गुणवत्ता बढ़ेगी। इससे सरकारी स्कूलों की छवि सुधरेगी, नामांकन बढ़ेगा और गरीब तब के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी समान अवसर मिलेगा।

मिलेगी यह सुविधाएं

इन विद्यालयों में पारंपरिक पढ़ाई की जगह पूरी तरह तकनीक आधारित शिक्षण होगा। स्मार्ट क्लास और डिजिटल बोर्ड, ब्लैकबोर्ड-चॉक की जगह स्मार्ट स्क्रीन से पढ़ाई, आधुनिक साइंस और कंप्यूटर लैब, आईसीटी आधारित शिक्षण व्यवस्था, समृद्ध पुस्तकालय और ऑडिटोरियम, इनडोर स्पोर्ट्स डोम, बैडमिंटन हॉल और वॉलीबॉल ग्राउंड।

भर्ती प्रक्रिया शुरू, अगले सत्र से संचालन

उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए शासन स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, गणित, इतिहास, रसायन सहित अन्य विषयों के व्याख्याता, शिक्षक, ग्रंथपाल, व्यायाम शिक्षक, भृत्य, चौकीदार और सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। उम्मीद है कि आगामी शिक्षण सत्र से इन विद्यालयों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

सूची भेज दी गई है

चयनित स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, ई-लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जानी हैं। उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। चयनित स्कूलों की सूची संचालनालय को भेज दी गई है।

– वासूदेव पांडे, शहरी स्त्रोत समन्वयक

सड़क जाम...



रविवार को मां दुर्गा का दर्शन करने के लिए देर रात तक शहर की सड़कों पर लगा रहा जाम, तेलीपारा मुख्य मार्ग पर लगी रही भीड़।

एटीआर की नहीं सुधर रही जर्जर सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर का रास्ता काफी खराब हो चुका है, जिसकी स्थिति सुधारने के लिए 32 करोड़ 34 लाख 9 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस रास्ते के सुधारने से वर्षों से निवासरत बैगा आदिवासियों की मांग पूरी होगी। राशि स्वीकृत होने के बाद भी सड़क का काम अब तक शुरु नहीं किया गया है।

■ लोकनिर्माण विभाग की ओर से कार्यादेश जारी

अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग सका, लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया।

प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। कोटा-अचानकमार केंवची मार्ग के किलोमीटर 34, 36, 39, 40 से 56, 57 से 98 57.60 में मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। निविदा के बाद कार्यादेश जारी किया गया है।

शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

शहरवासियों को जून महीने तक तैयार मिलेगा अरपा पर एक और नया पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को चिंगराज, चांटीडीह, अपोलो अस्पताल या राजकिशोरनगर तक पहुंचने के लिए जल्द ही अरपा नदी पर एक और बड़ा पुल तैयार मिलेगा। लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा शनिचरी रपटा के बराबर से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। पुल के लिए पिलर बारिश के पहले ही खड़े किए जा चुके थे। विभाग के अनुसार जून 2027 तक पुल बनकर तैयार हो जाने की संभावना है।

■ शनिचरी रपटा के बराबर से बड़े पुल का निर्माण प्रारंभ

शहर को अरपा नदी पर आवागमन के लिए बहुत जल्द ही एक और बड़ा पुल मिल जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग ने शनिचरी रपटा के बराबर से एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। 11.06 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इस पुल की लंबाई 305 मीटर होगी व चौड़ाई 10 मीटर होगी। विभाग के अनुसार पूरी संभावना है कि आठ महीने के भीतर जून 2027 तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। शनिचरी से चिंगराज पारा,चांटीडीह एवं साइंस कालेज की ओर जाने वालों के लिए रपटा ही एकमात्र विकल्प था। हालांकि बरसों से शहरवासियों को नदी पार कराने में रपटा की ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन पेंड्रा क्षेत्र में भारी बारिश होने की स्थिति में अरपा का बहाव तेज होने से साल में कम से कम एक बार रपटा के डूबने की स्थिति बनती ही है। ऐसे में रपटा पर आवागमन काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सेतु संभाग द्वारा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण करने के बाद शहरवासी भरी बरसात में भी चिंगराज व चांटीडीह की ओर सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे।



फुटपाथ के साथ बनेगा उच्च स्तरीय पुल

अरपा नदी पर बनाया जा रहा पुल उच्च स्तरीय होगा, जिसकी हाईट इतनी होगी कि बाढ़ से आवागमन प्रभावित नहीं होगा। रामसेतु के बराबर से बनाए गए फोरलेन पुल पर फुटपाथ की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन रपटा के बराबर से बनाए जा रहे इस नए पुल पर चार फीट चौड़ाई में फुटपाथ भी बनाया जाएगा। ताकि पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन करते बन सके।

निर्माण कार्य प्रारंभ

रपटा के बराबर से एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण का काम प्रारंभ किया गया है। पुल के पिलर पहले ही खड़े किए जा चुके हैं। पुल पर पैदल यात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए फुटपाथ का निर्माण भी किया जाएगा। पूरी संभावना है कि जून 2027 तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाए।

–नितेश तिवारी, ईई पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग

निःशुल्क राजयोग शिविर 21 से

बिलासपुर। ब्रह्माकुमारी ओम शान्ति सरोवर उसलापुर में बुधवार 21 अक्टूबर से तीन दिवसीय निःशुल्क राजयोग शिविर प्रारंभ होगा। शिविर का समय प्रातः साढ़े 8 से साढ़े 9 बजे तथा सायं 5 से 6 बजे तक रहेगा। इच्छुक भाई-बहन अपनी सुविधानुसार किसी एक सत्र में भाग लेकर राजयोग का लाभ ले सकते हैं। सेवा केंद्र की संचालिका बीके छाया दीदी ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में योगा और शांति का मार्ग बताया जाएगा।

मार्निंग वॉक पर निकले ग्रामीण को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

बिलासपुर। मार्निंग वॉक पर निकले ग्रामीण को तेज रफ्तार बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक



चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में ग्रामीण की मौत हो गई है।

बै मा निवासी गोविंद सोनी ने बताया, गांव में रहने वाले उनके जीजा भागवत सूर्यवंशी पिता स्व. गेंदराम सूर्यवंशी 47 साल रविवार की सुबह 5.30 बजे घर के कुत्ते को लेकर मार्निंग वाक पर निकले थे। वे कुत्ते को लेकर सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान शहर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार कर दी और भाग गया। बाइक में चालक के अलावा एक अन्य युवक भी बैठा हुआ था। हादसे में श्री सूर्यवंशी के सिर में गंभीर रूप से चोट आई थी। परिजन उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस अपराध कायम कर बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

मवेशी से टकराकर तीन युवक घायल

ग्राम भरारी निवासी अज्जू रजक, कृष्णा सूर्यवंशी, रामू रविवार की सुबह रतनपुर से मां महामाया देवी का दर्शन कर बाइक से लौट रहे थे। तेज रफ्तार में उनकी बाइक सड़क पर बैठे मवेशी से टकरा गई, जिससे वे नीचे गिर गए। हादसे में तीनों घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

युवती से अनाचार बनाया वीडियो, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पुलिस ने किराए का मकान दिलाकर युवती से अनाचार कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार जांजगीर जिला की रहने वाली एक युवती शहर में किराए के मकान में रहकर सेलून में काम कर रही है। जुलाई 2025 में उसकी मुलाकात अभिषेक नगर फेस 1 निवासी विशाल पुरी गोस्वामी पिता चंद्रपुरी गोस्वामी से हुई। बातचीत के दौरान युवती ने उसे किराए में मकान खोजने की बात कही। विशाल ने उन्हें सिविल लाइन क्षेत्र में किराए में मकान दिलाया। जिसमें युवती अपने सहेली के साथ रह रही थी। अगस्त माह में उसकी सहेली किराए के मकान में नहीं थी। रात 10 बजे विशाल ने फोनकर पूछा कहां हो उन्होंने कहा उसकी सहेली नहीं है और वह खाना बना रही है। विशाल उसके घर आ गया और जोर जबरदस्ती कर अनाचार कर मोबाइल में वीडियों बना लिया। गर्भ ठहरने पर युवक ने गोली खिलाकर गर्भपात करा दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

चोरी की दो बाइक व बैटरी सहित 6 युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने 6 युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो बाइक, एक बैटरी जब्त किया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, शिवशंकर सिंगरौले 14 अक्टूबर को एयरपोर्ट की ओर घूमने गए थे। सड़क किनारे बाइक खड़ी कर वे पैदल घूमने चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस श्री सिंगरौले की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच में जुट



गई। टीआई भावेश शेंडे, भागवत चंद्राकर, सतपुरन जांगड़े ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अमन वर्मा पिता संतोष वर्मा 23 साल विकासनगर चकरभाठा, रंजीत श्रीवास पिता विजय श्रीवास 23 साल विकासनगर, आशीष वर्मा पिता मनोज वर्मा 22 साल चकरभाठा, अजय उर्फ अज्जू वर्मा पिता जितेन्द्र वर्मा 28 साल चकरभाठा, नरेश गोंड़ पिता संतोष गोंड़ 23 साल नयापारा, मानस यादव पिता प्रहलाद यादव 20 साल अचानकपुर निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

कड़ाई बरतने पर सभी ने एक राय होकर उक्त बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक व एक बैटरी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जलेबी वाले पर चाकू से हमला

बिलासपुर। जलेबी बेचने वाले ने दुकान के सामने बैठे युवकों को वहां से जाने के लिए कहा तो युवकों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। राजस्थान हाल मुकाम सिरगिट्टी गुरूद्वारा के पास रहने वाले भूपेन्द्र मौर्य पिता मेवाराम मौर्य 32 साल तारबाहर फाटक के पास जलेबी की दुकान लगाते हैं। शनिवार की रात 8.30 बजे नशा करने वाले 5 युवक उनकी दुकान के पास आकर बैठकर गाली गलौज कर रहे थे। श्री मौर्य ने उन्हें दुकान के पास से जाने के लिए कहा तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

चाकू के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, आरोपी युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। चाकू के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई है। पुलिस ने फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी पकंज पटेल ने बताया, 17 अक्टूबर की रात 8.30 बजे मेंड्रा निवासी राजकुमारी यादव 56 साल की नातिन 3 साल की बच्ची घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश में पड़ोसी प्रशांत शुक्ला 26 साल चाकू की नोक पर बच्ची को उठाकर ले जा रहा था। बच्ची की मां व दादी उसे छुड़ाने गईं तो प्रशांत ने दादी राजकुमारी पर चाकू से हमला कर दिया और बच्ची को छोड़कर भाग गया। परिजन के द्वारा गंभीर अवस्था में राजकुमारी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने गांव में पतासाजी कर आरोपी प्रशांत शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतका।



घायल।



आरोपी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

